


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 180

ग्वालियर, शुक्रवार, 20 अगस्त, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## पीएम आज सोमनाथ में करेंगे कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास



**नई दिल्ली (ए)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 अगस्त को प्रात 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुजरात के सोमनाथ में कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया जाना है उनमें सोमनाथ सैरगाह, सोमनाथ प्रदर्शनी केंद्र और पुराने (जूना) सोमनाथ का पुनर्निर्मित मंदिर परिसर शामिल हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री श्री पार्वती मंदिर की आधारशिला भी रखेंगे। सोमनाथ सैरगाह को 'प्रसाद (तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक, धरोहर संवर्धन अभियान) योजना' के तहत 47 करोड़ रुपये से भी अधिक की कुल लागत से विकसित किया गया है। 'पर्यटक सुविधा केंद्र' के परिसर में विकसित सोमनाथ प्रदर्शनी केंद्र में पुराने सोमनाथ मंदिर के खंडित हिस्सों और पुराने सोमनाथ की नागर शैली की मंदिर वास्तुकला वाली मूर्तियों को दर्शाया जाता है। पुराने (जूना) सोमनाथ के पुनर्निर्मित मंदिर परिसर को सोमनाथ ट्रस्ट द्वारा 3.5 करोड़ रु के कुल परिव्यय के साथ पूरा किया गया है। इस मंदिर को 'अहिल्याबाई मंदिर' के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि इसे इंदौर की रानी अहिल्याबाई द्वारा तब बनाया गया था, जब उन्होंने पाया कि पुराना मंदिर खंडहर में तब्दील हो गया है। तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के साथ-साथ इसकी क्षमता बढ़ाने के लिए संपूर्ण पुराने मंदिर परिसर का समग्र रूप से पुनर्विकास किया गया है। पार्वती मंदिर का निर्माण 30 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय से किया जाना प्रस्तावित है।

## पेशवा बाजीराव ने संभाला था शिवाजी महाराज के सपने को साकार करने का जिम्मा : सिंधिया

### मुख्यमंत्री एवं सिंधिया ने पेशवा बाजीराव की समाधि स्थल पर दी श्रद्धांजलि

**खरगोन(ए)।** हिन्दवी स्वराज की स्थापना शिवाजी महाराज का सपना था। वो चाहते थे कि हिन्दुस्थान पर भारतीयों का अधिकार हो। उनके इस सपने को साकार करने का जिम्मा पेशवा बाजीराव ने संभाला था। बाजीराव 19 वर्ष की उम्र में पेशवा बने और भारत की प्रभुता, एकता तथा अखंडता को बनाए रखने के लिए लगातार 20 सालों तक रणभूमि में रहे। खरगोन के रावेरखेड़ी में उन्हें वीरगति प्राप्त हुई। उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए हम उनके समाधि स्थल पर उपस्थित हुए हैं। यह बात केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को मीडिया से चर्चा के दौरान कही। आशीर्वाद यात्रा के दौरान रावेरखेड़ी पहुंचे श्री सिंधिया ने पेशवा बाजीराव की समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।



**अपना जीवन बलिदान करने वालों को मिले सम्मान, यही हमारा उद्देश्य:** श्री सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इसी श्रंखला में हमारा प्रयास है कि ऐसे वीरों को सम्मान मिले जिन्होंने मातृभूमि के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। देश की संस्कृति और इतिहास को चिरस्थायी बनाया जाए। श्री सिंधिया ने कहा कि पेशवा बाजीराव की शहादत 28 अप्रैल, 1740 को रावेरखेड़ी में हुई थी। उसके बाद रानोजी महाराज सिंधिया ने यहां पर उनका समाधि स्थल बनावाया था। अब प्रधानमंत्री श्री मोदी और मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के नेतृत्व में पेशवा बाजीराव की 301 वीं जयंती के अवसर पर हम दोबारा उस समाधि स्थल की प्रतिष्ठा कर रहे हैं।

**मराठों के बाड़े के रूप में विकसित हो समाधि स्थल:** श्री सिंधिया ने कहा कि इस क्षेत्र में मराठों का 150 सालों का इतिहास रहा है। वह पूरा समय संघर्ष का समय था । उस समय मुगलों और अंग्रेजों द्वारा भारतमाता को घेरने का काम किया जा रहा था और मराठा लोग अपने देश और संस्कृति को बचाने के लिए जूझते रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान पेशवा बाजीराव के समाधि स्थल का विस्तारीकरण कर रहे हैं। उन्होंने यहां विद्युतीकरण के लिए भी कदम उठाए हैं। मेरा मुख्यमंत्री जी से आग्रह है कि इस स्थल को मराठाओं के बाड़े के रूप में विकसित किया जाए और इसका निर्माण काले पत्थर से किया जाए। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत देश की जनता और विशेषकर युवाओं को मराठाओं के इतिहास से परिचित कराने के प्रयास करना चाहिए ।

**मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, पार्टी नेताओं, जनप्रतिनिधियों ने दी श्रद्धांजलि:** श्रीमंत बाजीराव पेशवा की जयंती के अवसर पर उनके समाधि स्थल पर प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर, प्रभारी मंत्री कमल पटेल, खरगोन के लोकसभा सांसद गजेंद्र पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह राठौर के साथ बाजीराव पेशवा के वंशज व अन्य सरदार घरानों के वंशजों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम में श्रीपाद कुलकर्णी ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पुणे के प्रसिद्ध इतिहासकार व मोडी लिपि विशेषज्ञ पांडुरंग बलकवडे इतिहास संशोधक ने पेशवा बाजीराव के बारे में अपने विचार रखे।

## बेटी और 4 साल के नाती को अफगानिस्तान से वापस लाने की गुहार

**तिरुवनंतपुरम(ए)।** अफगानिस्तान पर अब तालिबान का राज है। अशरफ गनी देश छोड़कर भाग चुके हैं। इस बीच केरल की रहने वाली और निमिशा फातिमा की मां के बिंदू ने भारत सरकार से अपनी बेटी और 4 साल के नाती को अफगानिस्तान से वापस लाने की गुहार लगाई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, निमिशा फातिमा ने 3 अन्य महिलाओं के साथ कुछ साल पहले कथित तौर पर आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) में शामिल होने के लिए केरल छोड़ दिया था। सभी 4 महिलाओं को तब 2019 में अफगानिस्तान में कैद कर दिया गया था। अब यह अनुमान लगाया जा रहा है कि जेल से रिहा होने के बाद केरल की ये 4 महिलाएं काबुल में फंसी हुई हैं। तालिबान द्वारा रविवार को अफगानिस्तान की राजधानी काबुल पर कब्जा करने के बाद जेल ब्रेक हुआ है। इसमें भारी संख्या में कैदी जेल छोड़कर भाग गए हैं।

### ममता बनर्जी को बड़ा झटका

## कलकत्ता हाईकोर्ट का आदेश- बंगाल चुनाव के बाद हुई हिंसा में रेप और हत्या के मामलों की CBI जांच की जाए

### 6 हफ्ते में स्टेटस रिपोर्ट मांगी



कलकत्ता हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद हुई हिंसा की CBI जांच के आदेश दिए हैं। यह जांच कोर्ट की निगरानी में की जाएगी। इसके लिए SIT का गठन होगा। हत्या और रेप के मामलों की जांच का जिम्मा CBI का होगा। दूसरे मामलों की जांच SIT करेगी। कोर्ट ने राज्य सरकार को हिंसा से पीड़ित लोगों को मुआवजा देने का भी आदेश दिया है। कोर्ट ने CBI और SIT से 6 हफ्ते में स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार जांच कराने में नाकाम रही है। चुनाव आयोग पर टिप्पणी करते हुए कोर्ट ने कहा है कि EC को हिंसा पर बेहतर भूमिका निभानी चाहिए थी। कोलकाता पुलिस कमिश्नर सोमेन मित्रा भी इस जांच का हिस्सा होंगे।

### पुलिस ने की थी 17 लोगों की मौत की पुष्टि

पुलिस ने राजनीतिक हिंसा में 17 लोगों के मारे जाने की पुष्टि की थी। हालांकि, भाजपा का आरोप था कि उनके इससे कई गुना ज्यादा कार्यकर्ता मारे गए हैं। भाजपा ने एक सूची तैयार कर की थी। सूची के मुताबिक चुनाव के बाद हत्या, हिंसा, आगजनी और लूटपाट की 273 घटनाएं हुई थी।

### गृह मंत्रालय को मांगनी पड़ी थी रिपोर्ट

अप्रैल-मई में हुए बंगाल चुनाव के नतीजे वाले दिन कोलकाता में क्ष्क दफ्तर को आग लगा दी गई थी। इसके अगले दिन 2 पार्टी कार्यकर्ताओं की पीट-पीटकर हत्या की खबर सामने आई थी। विपक्षी पार्टी के कार्यकर्ताओं को निशाना बनाए जाने पर गृह मंत्रालय ने बंगाल सरकार से रिपोर्ट भी मांगी थी।

## उपराष्ट्रपति ने कहा- हाल ही में संसद में हुए बुरे बर्ताव से दुखी हूं

**नई दिल्ली (ए)।** उपराष्ट्रपति एम.वेंकैया नायडू ने संसद और राज्य विधानसभाओं में हुए व्यवधानों पर अपनी पीड़ा व्यक्त की और जनप्रतिनिधियों से सार्वजनिक जीवन में गरिमा बढ़ाने और युवा पीढ़ी से आदर्श मॉडल के रूप में कार्य करते हुए उदाहरण स्थापित करने का आह्वान किया। बेंगलुरु में एम.एस. रमैया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष एम.आर.जयराम को सर एम विश्वेश्वरय्या मेमोरियल अवार्ड प्रदान करने के उपरांत अपने संबोधन में उपराष्ट्रपति, जो राज्यसभा के अध्यक्ष भी हैं, ने कहा कि वे इस बुरे बर्ताव से दुखी हैं। हाल ही में संसद में और कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश सहित कुछ राज्यों की विधानसभाएं इस तरह के व्यवहार की साक्षी रही हैं। विशेष रूप से संसद में हाल की दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं का उल्लेख करते हुए श्री नायडू ने कहा कि वह कुछ सदस्यों के बुरे बर्ताव से दुखी हैं। नायडू ने कहा कि विधानसभाएं और संसद



की कार्यवाही में बाधा पहुंचाने के लिए नहीं, बल्कि बहस, चर्चा और सकारात्मक निर्णय लेने के लिए होती हैं। असहमति पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में लोगों के फैसले का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आप किसी को बलपूर्वक मजबूर नहीं कर सकते। उपराष्ट्रपति ने इच्छा जताई कि विभिन्न स्तरों पर उपस्थित विधायक बहस और चर्चा की गुणवत्ता में सुधार लाएं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में इससे माहौल और बेहतर बनाया जा सकेगा। सर एम विश्वेश्वरय्या जैसे महान लोगों से प्रेरणा लेते हुए उपराष्ट्रपति ने युवा पीढ़ी से देश की प्रगति में तेजी लाने के लिए नवाचारों और नए विचारों के साथ आगे आने का आग्रह किया।

## डेल्टा वेरिएंट के खतरे के बीच वैक्सीन की बूस्टर डोज देने की फिलहाल नहीं है कोई जरुरत : डब्ल्यूएचओ

**नई दिल्ली (ए)।** विश्व स्वास्थ्य संगठन डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि ताजा आंकड़ों के अनुसार फिलहाल दुनिया में कहीं भी कोविड-19 वैक्सीन की बूस्टर डोज देने की जरुरत नहीं है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि सबसे पहले हमें दुनिया के गरीब देशों की आबादी को पूरी तरह वैक्सिनेट करने के बारे में सोचना चाहिए। इसके बाद ही अमीर देशों को वैक्सीन की बूस्टर डोज देने के बारे में फैसला लेना चाहिए। डब्ल्यूएचओ की चीफ साइंटिस्ट सौम्या स्वामीनाथन ने कहा, ÷कोविड-19 के ताजा आंकड़ों पर गौर करने के बाद हम इस बात को यकीन से कह सकते हैं कि फिलहाल बूस्टर डोज की कहीं भी जरुरत नहीं है। इसके लिए अभी और रीसर्च की जरुरत है।





डब्ल्यूएचओ का ये बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका ने 20 सितंबर से अपने सभी नागरिकों के लिए कोविड वैक्सीन की बूस्टर डोज उपलब्ध करने की बात कही है। अमेरिकी सरकार ने डेल्टा वेरिएंट के बढ़ते मामलों के चलते ये फैसला किया है। डब्ल्यूएचओ के वरिष्ठ सलाहकार ब्रूस एलवर्ड ने अमीर देशों में कोविड-19 वैक्सीन की बूस्टर डोज दिए जाने की बात पर कहा, ÷दुनिया में इस वक्त पर्याप्त संख्या में वैक्सीन उपलब्ध है। परेशानी की बात ये है कि ये सही संख्या में सही जगह नहीं पहुंच रही है। साथ ही उन्होंने कहा, ÷गरीब देशों के सभी नागरिकों जब तक वैक्सीन की दोनों डोज नहीं दे दी जाती तब तक दुनिया के अमीर देशों को अपने नागरिकों को बूस्टर डोज देने के बारे में सोचना भी नहीं चाहिए। हालांकि गरीब देशों की पूरी आबादी को वैक्सीन की दोनों डोज उपलब्ध कराने के लक्ष्य से हम अब भी बहुत दूर हैं। डब्ल्यूएचओ के अनुसार दुनिया के ज्यादा आय वाले देशों में मई के महीने में हर 100 लोगों पर वैक्सीन की 50 डोज का औसत था और उसके बाद से अब तक ये संख्या दोगुनी हो गई है।

## विधान सभा में बोले सीएम योगी, उत्तर प्रदेश आज नंबर 2 की अर्थव्यवस्था बना



**लखनऊ (ए)।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले 5 वर्ष के दौरान प्रदेश में बज़ट का दायरा लगभग दोगुना हुआ। आज हम लगभग 6 लाख करोड़ रुपये तक बज़ट के दायरे को पहुंचाने में सफल रहे हैं। बड़ी सोच, बड़े कार्य तो बज़ट का दायरा भी बड़ा होगा। यब बात सीएम योगी ने विधानसभा में अपनी सरकार के कामकाज को गिनाते कही और साथ विपक्ष पर भी तंज कसा। सीएम योगी आदित्यनाथ प्रदेश की जीएसडीपी 5 वर्ष पहले 10-11 लाख करोड़ के आसपास थी आज हम इसे 20-21 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचें में सफल हुए हैं। 2015-16 में उत्तर प्रदेश देश अर्थव्यवस्था में 6 नंबर पर थे। उत्तर प्रदेश आज नंबर 2 की अर्थव्यवस्था बनी है। अपने संबोधन के दौरान योगी ने दावा किया कि यह पहली महामारी है जिसमें एक भी गरीब भूखा नहीं मरा। हमें महामारी को तो स्वीकार करना होगा नहीं तो बीमारी के उपचार के लिए और बीमारी से बचाव के लिए कोई अभियान आगे नहीं बढ़ पाएगा। व्यवसाय की सुगमता क्या होनी चाहिए इसपर हमने व्यापक संशोधन किए, नीतियां बनाई जिसके परिणाम सामने हैं। अगर दुनिया में भारत निवेश का सबसे अच्छा देश है, तो देश में उत्तर प्रदेश सबसे अच्छा गंतव्य है। इज ऑफ डूइंग बिजनेस में यूपी 16वें स्थान से दूसरे स्थान पर आया है उन्होंने आगे कहा कि आज उत्तर प्रदेश में कोविड के लिए 4 लाख टेस्ट प्रतिदिन करने की क्षमता विकसित कर ली है। अब तक 7 करोड़ टेस्ट उत्तर प्रदेश में किए जा चुके हैं। अफगनिस्तान के हालात का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ लोग तालिबान का समर्थन कर रहे हैं। वहां महिलाओं और बच्चों के साथ क्या क्रूरता की जा रही है। परन्तु कुछ लोग बेशर्मी से तालिबान का समर्थन कर रहे हैं। इन सभी के चेहरे एक्सपोज किए जाने चाहिए।




## संक्षिप्त समाचार

### दुकान में आग लगने से हजारों का जला समान



शिवपुरी। जिले के बदरवास के ग्राम खतौरा में एक बाइक रिपेयरिंग की दुकान में बुधवार की रात आग लग गई जिसमें उसमें रखा सामान जल गया पीड़ित योगीराज मिस्त्री ने बताया कि वह कस्बे में बाइक रिपेयरिंग का काम कर अपना भरण-पोषण करता है बुधवार की शाम वह प्रतिदिन की तरह अपनी दुकान बंद कर घर चला गया था इसी दौरान अचानक दुकान में आग लग गई जिसकी जानकारी उसे मिली तो वह मौके पर पहुंचा लेकिन जब तक आग ने उसकी दुकान को स्वाह कर दिया

### तेज बहाव के बीच फसे बाइक सवार युवक को बमुश्किल बचाया

शिवपुरी। दौलतपुर और खाई खेड़ा के बीच पुलिया क्षतिग्रस्त है इस पुलिया पर बुधवार को बारिश के बाद पानी का भाव बढ़ गया पुलिया पार करते समय दो बाइक सवार युवक फस गए जिन्हें ग्रामीणों ने बमुश्किल बाहर निकाला जानकारी के अनुसार बाइक से पुलिया पार करते समय अचानक तेज बहाव में दो युवक बहने लगे किसी तरह ग्रामीणों ने दोनों को बाहर निकाला एक व्यक्ति चंदोलिया और दूसरा मुरैना जिले का रहने वाला बताया जा रहा है मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि क्षतिग्रस्त पुलिया ठीक नहीं होने से लोग जान जोखिम में डालकर निकल रहे हैं कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है बता दें कि बाढ़ के दौरान एक महिला अपने बच्चे सहित इस पुलिया में बह गई थी जिसमें बच्चे को तो लोगों ने बचा लिया लेकिन महिला की मौत हो गई थी

### गुना के युवक की पेड़ पर लटकी मिली लाश ससुराल जाने निकला था युवक

शिवपुरी। पिछोर अनुविभाग मायापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में एक युवक पेड पर फंदे से लटका मिला बताया जा रहा है कि उक्त युवक अपने घर से ससुराल जाने की कहकर निकला था। पुलिस को पेड के नीचे उसकी बाईक समान और शराब के 3 खाली क्वार्टर मिले हैं। पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम कर मामला विवेचना में ले लिया हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार मायापुर थाना पुलिस को सूचना मिली कि मायापुर और राजापुर के बीच पुलिया के पास जंगल में अज्ञात युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो समीप ही बाइक क्रमांक एमपी08 एमसी1605, उस पर बैग टंगा था। मौके से मोबाइल भी पुलिस ने बरामद किया और आखिरी नंबर को डायल किया तो सामने वाले व्यक्ति ने अपने नाम महेश बताया। उसके बाद मृतक की पहचान इंद्रजीत उम्र 25 साल पुत्र कमलू रजक निवासी उकावदा म्याना जिला गुना के रूप में हुई। मृतक का आधारकार्ड में भी यहीं नाम दर्ज है। घटनास्थल पर शराब के तीन खाली क्वार्टर भी मिले पूछताछ में सामने आया है कि कुछ समय पहले ही गौना हुआ था और इंद्रजीत कफार गांव अपनी ससुराल आया था। फिलहाल यह खुलासा नहीं हो सका है कि मृतक ससुराल पहुंच पाया अथवा नहीं। घटनास्थल पर शराब के तीन खाली क्वार्टर व पानी की बोतल भी पुलिस ने बरामद की है। सूचना पर देर शाम परिजन मौके पर पहुंच गए।

# जिले के मगरौनी में बाढ़ प्रभावितों से रूबरू हुए मुख्यमंत्री





शिवपुरी।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि अति वर्षा से प्रभावित हुए लोगों को सहायता देने में सरकार कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। सभी पीड़ितों को आपदा के संकट से पार निकालने का कार्य सरकार तेजी से कर रही है। मुख्यमंत्री चौहान ने गुरूवार को शिवपुरी जिले के मगरौनी के जवाहर नवोदय विद्यालय प्रांगण में बाड़ प्रभावित परिवारों से चर्चा करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि तात्कालिक तौर पर बाड़ प्रभावित परिवारों को 6 हजार रूपए, 50 किलो अनाज व रोजमर्रा की जरूरतों का अन्य सामान मुहैया कराया गया है। इसके साथ ही सर्वे के आधार पर आर्थिक सहायता भी प्रभावितों के खातों में पहुँचाई गई है। मगरौनी और पनघटा के प्रभावितों से चर्चा करते समय उनके साथ लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री सुरेश धाकड़, विधायक वीरेन्द्र रघुवंशी, जिलाध्यक्ष राजू बाथम, जनप्रतिनिधि एवं संभागीय आयुक्त आशीष सक्सेना, आईजी अविनाश शर्मा डीआईजी राजेश हिंगणकर, शिवपुरी कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह सहित विभागीय अधिकारी व बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बाड़ प्रभावित परिवारों के खाते में आज ही 23 करोड़ 19 लाख रूपए की राशि भेजी गई है। अब तक सरकार द्वारा प्रभावित परिवारों के खातों में 52 करोड़ रूपए से अधिक की सहायता राशि पहुँचाई जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा से प्रभावित लोगों की मदद और खराब हुई अधोसंरचना को फिर से खड़ा करने के लिये प्रदेश सरकार ने तीन सूत्रीय रणनीति बनाई है। इसके तहत पहला काम बाड़ प्रभावित परिवारों के नुकसान की भरपाई करने के लिये उन्हें राहत, दूसरा काम जिनके मकान बाड़ में उजड़ गए हैं उन्हें नए मकान बनाकर पुनर्वास और तीसरा काम बाड़ से ध्वस्त हुई अधोसंरचना जिनमें सड़क, विद्युत लाइन, पुल-पुलिया, अस्पताल, स्कूल व आंगनबाड़ी भवन आदि बनाए जायेंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बाड़ प्रभावितों को तात्कालिक राहत के साथ-साथ मकान बनाने के लिये एक लाख 20 हजार रूपए, दुधारू पशु की मृत्यु पर 20 हजार रूपए और बकरा-बकरी की मृत्यु पर 3 हजार रूपए की सहायता राशि दी जा रही है। इसके साथ ही फसल नुकसान की भरपाई भी सरकार प्रावधानों के तहत करेगी।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी प्रभावितों को आश्वस्त किया कि सरकार बाड़ आपदा के संकट से उन्हें उबारने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। जिनके मकान ध्वस्त हुए हैं उन्हें मकान बनाने के लिये सहायता दी जायेगी। इसके साथ ही तात्कालिक रूप से भी हर संभव मदद सरकार ने उपलब्ध कराई है। अति वर्षा के कारण जिनकी खेतीबाड़ी प्रभावित हुई है उन्हें भी सर्वेक्षण कराकर सरकार की तरफ से यथा संभव मदद उपलब्ध कराई जायेगी।

### बाढ़ से शिवपुरी जिले में हुए नुकसान की दी जानकारी

संभागीय आयुक्त आशीष सक्सेना ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को जिले में अति वर्षा से हुए नुकसान के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिवपुरी जिले में कुल 764 गाँव प्रभावित हुए हैं। जिले में 17 जन हानि जिनमें से 16 प्रकरणों में 4 ङ्क 4 लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान की गई है। जिले में प्रारंभिक रूप से हुए सर्वेक्षण में 462 पशु हानि की जानकारी सामने आई है, जिनमें से 160 पशुओं का सत्यापन कर 34 लाख 84 हजार 500 रूपए की सहायता वितरित की गई है। 7 हजार 682 व्यक्तियों को 50 - 50 किलो खाद्यान्न प्रति परिवार के मान से वितरित कराया गया है। इसके साथ ही कच्चे मकानों के लिये 4400 व्यक्तियों को एक करोड़ 27 लाख 54 हजार 400 रूपए की सहायता दी जा चुकी है। जिले में पूर्ण क्षतिग्रस्त हुए मकानों के लिये 6 हजार रूपए प्रति व्यक्ति के मान से 482 व्यक्तियों को 27 लाख 90 हजार रूपए की सहायता उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही प्रशासन की ओर से और अशासकीय संगठनों के माध्यम से भोजन पैकेट, आटा, खाद्यान्न पैकेट, बिस्किट, मैगी, कपड़े, साड़ी और बर्तन भी उपलब्ध कराए गए हैं। जिले में 20 स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर व 16 स्थानों पर पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से साफ-सफाई और क्लोरोनाईजेशन का कार्य किया जा रहा है। नगरीय क्षेत्र के प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र 52 व्यक्तियों को आवास हेतु प्रस्ताव नगरीय प्रशासन को भेजा गया है।

## सद्भावना दिवस पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ली एकता और सद्भावना की शपथ





शिवपुरी। जिले में राष्ट्रीय सद्भावना दिवस के अवसर पर शासकीय कार्यालयों में एकता और सद्भावना की शपथ ली गयी। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**यह दिलायी गयी शपथ :** ''सद्भावना दिवस'' के अवसर पर जो शपथ दिलायी गयी उसके अनुसार मैं प्रतिज्ञा करता/करती हूँ कि मैं जाति, संप्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव दिए बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करूंगा/करूंगी। मैं पुनः प्रतिज्ञा करता/करती हूँ कि मैं

## मुख्यमंत्री शिवराज और केंद्रीय मंत्री तोमर पहुंचे श्योपुर, 1677 बाड़ पीड़ितों के खातों में किए 1.83 करोड़ रुपये ट्रांसफर



श्योपुर। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर गुरुवार को ग्वालियर-चंबल अंचल के बाढ़ से प्रभावित हुए क्षेत्रों का दौरा करने के लिए श्योपुर पहुंचे। श्योपुर जिला मुख्यालय से वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्वालियर-चंबल संभाग एवं प्रदेश के अन्य जिलों के बाड़ प्रभावित परिवारों से बातचीत भी की है। इस दौरान ग्वालियर जिले के 1677 बाड़ प्रभावित लोगों के बैंक खातों में 1.83 करोड़ रुपये की राहत राशि ट्रांसफर की गई। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए लोगों से चर्चा के दौरान राहत कार्यों के बारे में भी जानकारी ली। साथ ही आटा एवं घोषणा के अनुसार अन्य सामग्री अब तक लोगों को मिली या नहीं इसके बारे में भी लोगों से पूछा। इस दौरान सिंगल क्लिक के जरिए सभी जिलों के बाढ़ प्रभावित परिवारों के खातों में 23 करोड़ 19 लाख रुपये की राहत राशि भी पहुंचाई गई है। मुख्यमंत्री के साथ केन्द्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर भी श्योपुर में मौजूद हैं। ग्वालियर जिले में बाड़ से प्रभावित 2734 लोगों को अब तक 2 करोड़ 57 लाख रुपये की राहत दी जा चुकी है।

### मंत्री परिषद ने दी पाम आयल मिशन को मंजूरी

केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि अभी कल ही मंत्री परिषद ने आयल का उत्पादन देश में बढ़े इसके लिए पाम आयल मिशन को मंजूरी दी है। इस योजना पर 11 हजार करोड़ रुपये का व्यय आएगा। पाम आयल की खेती के लिए लगभग 28 लाख हेक्टेयर भूमि चिन्हित है, जिसमें 9 लाख हेक्टेयर नार्थ ईस्ट में है। नार्थ ईस्ट को फोकस करके ही इस योजना को बनाया गया है। केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने श्योपुर जाने से पहले ग्वालियर में पत्रकारों से चर्चा के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि पाम आयल की खेती में खास बात यह है कि जब व्यक्ति पौधा लगाता है तो उसे पांच साल तक इंतजार करना पड़ता है, इसके बाद ही क्रॉप आती है। जबकि तेल के दाम अंतराष्ट्रीय स्तर पर ऊपर नीचे होते रहते हैं। जिसके कारण कई बार किसानों को नुकसान हो जाता है। अब सरकार ने तय किया है कि पाम का पांच साल का औसत मूल्य निकालकर दाम तय कर दिए जाएंगे। इसके बाद बाजार में उतार चढ़ाव आने पर यदि दाम कम होंगे तो अंतर की राशि का भुगतान भारत सरकार करेगी।

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रभावित हितग्राहियों के खातों में भेजी राहत राशि

शिवपुरी।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के द्वारा गुरुवार को श्योपुर के एनआईसी कक्ष से श्योपुर जिले सहित प्रदेश के 09 जिलों में बाड़/अतिवृष्टि से हुई क्षति से प्रभावित 20 हजार 481 हितग्राहियों के बैंक खातों में 23 करोड़ 19 लाख 45 हजार 794 रूपयें की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से डाली गई। इसके अंतर्गत चंबल-ग्वालियर संभाग के 19 हजार 621 हितग्राहियों के बैंक खातों में 16 करोड़ 83 लाख 14 हजार 874 रूपयें जमा किये गये है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं श्योपुर-मुरैना संसदीय क्षेत्र से सांसद तथा केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने एनआईसी कक्ष श्योपुर के माध्यम से बाड़ एवं अतिवृष्टि के दौरान प्रभावितों के सर्वे के उपरांत राहत राशि को प्रदेश के 09 जिलों के बाड़ प्रभावित लोगों के खातों में राशि एक क्लिक के माध्यम से स्थानातंरित की गई। इसके तहत जनहानि, पशुधन हानि, मकान क्षति, फसल क्षति, गृहस्थी की सामग्री एवं पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए राहत राशि प्रदान की गई है। गुरूवार को शिवपुरी कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में वी सी में शिवपुरी के एनआईसी कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में लोक निर्माण विभाग राज्य मंत्री सुरेश धाकड़ विधायक वीरेंद्र रघुवंशी सहित क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप के सदस्य और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। शिवपुरी जिले में 17 जनहानि प्रकरणों में से 16 प्रकरणों में 4-4 लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान की गई है। जिले में प्रारंभिक रूप से हुए सर्वेक्षण में 462 पशु हानि की जानकारी सामने आई है, जिनमें से 160 पशुओं का सत्यापन कर 34 लाख 84 हजार 500 रूपए की सहायता वितरित की गई है। 7 हजार 682 व्यक्तियों को 50-50 किलो खाद्यान्न प्रति परिवार के मान से वितरित कराया गया है। इसके साथ ही कच्चे मकानों के लिये 4400 व्यक्तियों को एक करोड़ 27 लाख 54 हजार 400 रूपए की सहायता दी जा चुकी है।जिले में पूर्ण क्षतिग्रस्त हुए मकानों के लिये 6 हजार रूपए प्रति व्यक्ति के मान से 482 व्यक्तियों को 27 लाख 90 हजार रूपए की सहायता उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही प्रशासन की ओर से और अशासकीय संगठनों के माध्यम से भोजन पैकेट, आटा, खाद्यान्न पैकेट, बिस्किट, मैगी, कपड़े, साड़ी और बर्तन भी उपलब्ध कराए गए हैं। जिले में 20 स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर व 16 स्थानों पर पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किए गए हैं।स्वास्थ्य विभाग की ओर से साफ-सफाई और क्लोरोनाईजेशन का कार्य किया जा रहा है। नगरीय क्षेत्र के प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र 52 व्यक्तियों को आवास हेतु प्रस्ताव नगरीय प्रशासन को भेजा गया है।

## करैरा में चोरों के हौसले बुलंद एटीएम को बनाया निशाना किया ब्लास्ट

### दाना मेंट लगाकर या लूटने का प्रयास

शिवपुरी।

नगर में फिर बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। नगर में निजी बैंक के एटीएम को ब्लास्ट कर बदमाशों ने लूटने का प्रयास किया है। जानकारी के अनुसार एटीएम को किसी विस्फोटक पदार्थ से विस्फोट किया हैं। ब्लास्ट का धमाका की आवाज सुनते वहा आस पास रहने बाले सभी लोग जाग गए वही पुलिस मौके पर पहुंच गई जहां एटीएम से बिखरे नोटों को समेट कर अपने कब्जे में कर लिया हैं। नगर के पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में प्राइवेट कंपनी का एटीएम लगा हुआ हैं। जिसे देर रात लगभग 2ः30 बजे अज्ञात बदमाशों ने किसी विस्फोटक पदार्थ से ब्लास्ट किया है। इस ब्लास्ट में एटीएम के चिथड़े-चिथड़े उड़ गए हैं,और सामने लगा ट्रांसफार्मर भी धमाके से छति ग्रत हो गया। धमाके के बाद पुलिस को सूचना मिली और पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद बदमाश मौके से फरार हो गए हैं। पुलिस को देख बदमाश मौके से फरार हो गए... इस ब्लास्ट में एटीएम में रखे नोट पूरी तरह बिखर गए थे। जिसमें से 6 लाख 72 हजार रुपए कुछ जले हुए नोट पुलिस ने जप्त कर लिए हैं। पुलिस अज्ञात बदमाशों की तलाश कर रही हैं, मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई हैं। आपको बतादें कि नगर में सीसीटीवी कैमरे खराब पड़े हैं, नगर में लगातार चोरी, लूट जैसी घटनाएं बड़ रही हैं। पुलिस को भी लंबे समय से कोई बड़ी सफलता नही मिली जिसके चलते बदमाशों के हौसले बुलंद हैं।

### इनका कहना है


एस आई चेतन शर्मा का कहना है कि हम गस्त पर थे हमे जैसे ही धमाके की आवाज मिली हम मौके पर पहुंचे चोर ब्यूरो ब्लास्ट कर भाग गए मौके से हमे 6 लाख 72 हजार और कुछ जले नोट मिले है ।जिन्हे जप्त कर लिए है और हम बम विस्फोट टीम को बुलाया है वह बताएगी की ब्लास्ट किस चीज से किया है

**चेतन शर्मा**
**एस आई करैरा**
**करैरा**

करैरा नगर में देर रात हुई एटीएम ब्लास्ट की घटना पर अब शिवपुरी एसपी राजेश चंदेल ने खुद जायजा लेने पहुंचे... घटना में मिली बेट्री, तार एवं अन्य सामग्री जप्त कर पुलिस एवं एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी हैं। अज्ञात बदमाशों की तलाश की जा रही हैं... शिवपूरी एसपी राजेश चंदेल ने कहा कि मामले में जल्द से जल्द जांच की जा रही हैं। इसके साथ ही पुलिस ने निजी बैंक कंपनी से भी जानकारी मांगी हैं... आखिर एटीएम में कितने रुपए थे, पुलिस को एटीएम से 6 लाख 72 हजार रुपए मिले हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई हैं। दरअसल करैरा नगर के पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में प्राइवेट कंपनी का एटीएम को देर रात लगभग 3 बजे अज्ञात बदमाशों ने किसी विस्फोटक पदार्थ से ब्लास्ट किया था... इस ब्लास्ट में एटीएम के चिथड़े-चिथड़े उड़ गए, इसके साथ ही धमाके के बाद पुलिस को सूचना मिली और पुलिस मौके पर पहुंची... इसके बाद बदमाश मौके से फरार हो गए हैं। पुलिस को देख बदमाश मौके से फरार हो गए... इस ब्लास्ट में एटीएम में रखे नोट पूरी तरह बिखर गए थे... जिसमें से 6 लाख 72 हजार रुपए पुलिस ने जप्त कर लिए हैं। पुलिस अज्ञात बदमाशों की तलाश कर रही हैं, मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई हैं।

**राजेश चंदेल,**
**पुलिस अधीक्षक, शिवपुरी।**

## आर्थिक सहायता मिलने पर संजय ने मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद



**शिवपुरी।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा अतिवर्षा, बाड़, प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिवारों को वन क्लिक से गुरूवार को सहायता राशि का वितरण किया गया, इस दौरान उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बाड़ पीड़ित ग्राम बरखेड़ी निवासी किसान संजय तोमर से बात की। संजय तोमर ने भी अपने अनुभव साझा किए और मुख्यमंत्री को इस दुख की घड़ी में उनकी सहायता करने पर धन्यवाद दिया। संजय तोमर ने बाड़ आपदा के दौरान उनके साथ गठित हुए संपूर्ण घटना का विस्तत वर्णन किया। उन्होंने बताया कि पूरे गांव में एक ही मकान सुरक्षित था, जिस पर हम लोगों ने आश्रय लिया और गांव के शेष लोग एक टापू पर रूके हुए थे। उन्होंने कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक के साथ-साथ एसडीएम पोहरी को भी बहुत धन्यवाद दिया और कहा कि वो जान की बाजी लगाकर हरई गांव तक पहुंचे थे। हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू करके हमें ग्राम से निकाला गया था। उन्होंने बताया कि उन्हें शासन द्वारा 8200 रूपए की सहायता राशि और 50 किलों गेहूं के साथ अन्य जरूरत का सामान दिया गया है। संजय तोमर ने खुश होकर कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा संकट के समय में बाड़ पीड़ितों को जो सहायता राशि उपलब्ध कराई जा रही है वह बहुत पुण्य का कार्य है। मैं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को हृदय से धन्यवाद देता हूँ।

# बाढ़ पीड़ितों को मुआवजे के नाम पर सिर्फ ठेंगा दिखाया


फाइल फोटो

भिण्ड। विगत दिनों भयावय बाढ़ ने कई घरों को तबाह कर दिया और कुछ घर बचे भी हैं तो वो रहने लायक नहीं रहे। बाढ़ ने किसान, गरीब मजदूरों के घरों के साथ-साथ उनकी फसल एवं जमा पूंजी और राशन तक नष्ट कर दिया। जिसके बाद शासन ने प्रशासनिक अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कराने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में लहार क्षेत्र की ग्राम पंचायत बरहा में आयी बाढ़ से तीस से पैंतीस घर बुरी तरह प्रभावित हुए थे जिसमें गृह स्वामियों के घर, राशन और जमा पूंजी पानी में बह गई। शासन के निर्देशानुसार राजस्व अधिकारियों के आदेश पर पंचायत सचिव एवं पटवारी द्वारा ग्राम पंचायत बरहा का सर्वे किया गया और 49 बाढ़ पीड़ितों की सूची चस्पा की गई। जिसमें सचिव एवं पटवारियों ने मनमर्जी के अनुसार बाढ़ पीड़ितों के रिहायशी घरों को पशुघर की श्रेणी में डाला एवं पशुघर को भूसा घर की श्रेणी में डालकर पीड़ितों को मुआवजे के नाम पर ठेंगा दिखा दिया। जिससे पीड़ितों में रोष व्याप्त हो गया और पंचायत सचिव से सर्वे सूची मांगनी चाही तो वे पंचायत भवन में अनुपस्थित बने रहे। जिसके बाद पीड़ितों ने आपत्ति जताई तो सचिव एवं पटवारी ने वरिष्ठ अधिकारियों का हवाला देते हुए सूची दिखाने से इंकार कर दिया। आक्रोशित होकर पीड़ितों ने लहार एसडीएम आरए प्रजापति एवं जनपद सीईओ आलोक इटोरिया से पुनः सर्वे कराने की गुहार लगाई। जिस पर विभागीय अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लेकर सर्वे सूची की जांच करवाने के आदेश दे दिए एवं दोषियों पर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

शिकायतकर्ता श्रीनिवास उपाध्याय, अनुज उपाध्याय, मेवालाल शर्मा, नरेंद्र उपाध्याय, कल्लू उपाध्याय, बृजकिशोर, अशोक, सुरेंद्र दीक्षित, मस्तराम दीक्षित, मोहन यादव, सन्तोष यादव आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### इनका कहना है

1.अगर सर्वे में गड़बड़ी हुई है तो हम उसकी जांच करबाकर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही कर ग्रामीणों को न्याय दिया जायेगा।

**आरए प्रजापति**
**एसडीएम लहार**

2. मेरे द्वारा ग्राम पंचायत में जो सर्वे किया गया है उसमें अगर कोई भी कमी या गड़बड़ी पाई जाती है तो में बरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिये गए हर दंड को भुगतने को तैयार हूँ ।

**अजीत सिंह**
**सचिव ग्राम पंचायत बरहा**

## ठेला, रेड़ी वालों को नहीं मिल पा रही आत्म निर्भर योजना के तहत दस हजार की सहायता



फूप। कोरोना लॉकडाउन की वजह से कई लोग बेरोजगार हुए कईयों के धंधे चौपट हो गए। जिसको लेकर राज्य व केंद्र सरकार द्वारा अपने-अपने स्तर पर लोगों की परेशानी को देखते हुए कई योजनाएं लागू की गईं। वहीं मध्य-प्रदेश सरकार द्वारा भी ठेला व रेडी लगाने वालों को राहत हेतु किस्तों में एक हजार रुपए प्रतिमाह वापस करने के साथ 10 हजार रुपए देने के लिए आत्मनिर्भर योजना के तहत देने के लिए कहा गया। जिससे इन्हें अपने धंधे को मजबूत कर रोजी-रोटी कमाने के लिए कुछ सहारा मिल सके। लेकिन मध्य प्रदेश सरकार द्वारा यह योजना जमीनी स्तर पर असफल साबित हो रही है क्योंकि कई ऐसे ठेला व रेडी वाले हितग्राही हैं जिन्हें अभी तक इस योजना का कोई लाभ नहीं मिल सका है व उनका कहना है की कई बार चक्कर लगाने के बावजूद बैंक कर्मचारियों द्वारा किसी ना किसी बहाने से हमें लौटा दिया जाता है।

## कलेक्टर ने दिलाई सद्भावना दिवस की प्रतिज्ञा



भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने कलेक्ट्रेट परिसर भिण्ड में अधिकारी/ कर्मचारियों को सद्भावना दिवस की प्रतिज्ञा दिलायी। अधिकारी/कर्मचारियों ने प्रतिज्ञा ली कि जाति, संप्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किए बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करेंगे। साथ ही यह प्रतिज्ञा भी ली कि हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्यम से सुलझायेंगे। सदभावना दिवस की प्रतिज्ञा के अवसर पर अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, डिप्टी कलेक्टर महेश बडोले सहित कलेक्ट्रेट परिसर के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## जन अभियान परिषद कोरोना वालियंटर्स सम्मानित



### नगरीय विकास राज्यमंत्री भदौरिया, क्षेत्रीय सांसद, विधायक कलेक्टर एवं एसपी ने बांटे प्रमाण पत्र

भिण्ड । मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आह्वान पर मप्र जन अभियान परिषद के माध्यम से संचालित मैं कोरोना वालियंटर अभियान के वालियंटर्स और समाजसेवी प्रतिनिधियों को नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया, भिण्ड-दतिया सांसद श्रीमती संध्या राय, क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह कुशवाह, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस., पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक शिवप्रताप सिंह, परिषद के गोहद के विकासखंड समन्वयक बृजेंद्र शर्मा, लहार के सुनील कुमार चतुर्वेदी, रौन से जयप्रकाश शर्मा सहित जिलेभर के वॉलिंटियर्स और समाजसेवी संगठनों के प्रतिनिधि, पत्रकार बंधु मौजूद थे।

जिला समन्वयक जन अभियान परिषद शिव प्रताप सिंह ने कहा कि कोरोना अवधि के समय मुख्यमंत्री जी द्वारा मैं कोरोना वालियंटर अभियान का आह्वान किया गया था इस अभियान के तहत संपूर्ण मध्य प्रदेश से ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे जिसमें भिंड जिले से 2500 से अधिक समाज सेवियों ने अपने ऑनलाइन आवेदन किए थे जिसमें 1800 से अधिक लोगों ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए अपना योगदान दिया इसके अलावा अंकुर अभियान मैं इन वालियंटर्स से भी बढ़ चढ़कर भाग लिया साथ ही प्राकृतिक आपदा बाढ़ के रूप में जब आई तो यह समाज सेवी संगठनों के प्रतिनिधि और वॉलिंटियर्स मिलकर प्रभावित ग्रामों में लोगों के बीच जाकर राहत सामग्री का वितरण कर रहे हैं तीनों कार्यों को दृष्टिगत रखते हुए जिले से प्रतीकात्मक रूप से यह सम्मान प्रदान किया गया। आगामी दिनों में प्रत्येक सक्रिय वालियंटर को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। सम्मान समारोह का संचालन जन अभियान परिषद के जिला के शिव प्रताप सिंह भदौरिया और आभार प्रदर्शन विकास खंड समन्वय के लहार सुनील चतुर्वेदी ने किया।

## ई-रिक्शा में बैठी अज्ञात महिलाओं ने 8 लाख के जेवर किये चोरी

### मां के साथ रक्षा बंधन का त्योहार मनाने मामा के घर जा रही महिला



भिण्ड। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्रान्तर्गत मां के साथ एक विवाहिता रक्षा बंधन का त्योहार मनाने के लिए मामा के घर जा रही थी। तभी ई-रिक्शा में अज्ञात महिलाओं ने मां-बेटी के बैग से 8 तौला सोने के जेवर चोरी कर लिए। विवाहिता की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

पुलिस के अनुसार फरियादी ज्योति पत्नी योगेंद्र नरवरिया निवासी आर्य नगर से अपनी मां रेखा के साथ मामा के घर रमपुरा, अटेर जा रही थी। यहां वो एसबीआई बैंक से ई-रिक्शा में बैठी। वे अपने साथ बैग में कपडे और जेवर लेकर जा रही थी। पहले उन्होंने पुस्तक बाजार से ई-रिक्शा बदला और अटेर रोड पहुंची। यहां उतरते ही उन्होंने ई-रिक्शा चालक को पैसा देने के लिए बैग उठाया। यहां बैग की चैन खुली हुई देखी। इस पर महिला ने बैग में देखा तो ज्वैलरी गायब मिली। ई-रिक्शा चालक के मुताबिक अज्ञात महिलाएं दो सौ मीटर पहले उतरी थी उनके द्वारा वारदात को अंजाम देने का संदेह जाहिर किया गया। फरियादी ज्योति नरवरिया की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने अज्ञात दोनों महिलाओं के सीसीटीवी फुटेज भी देखे। पुलिस पूरे मामले की पड़ताल में जुटी हुई है।

## अंत्योदय समिति की बैठक आयोजित



भिण्ड। गुरूवार को ग्राम पंचायत मानहढ़ दीनदयाल अंत्योदय समिति की प्रथम बैठक ग्राम पंचायत भवन मानहढ़ में आयोजित की गई। ग्राम पंचायत मानहढ़ के सरपंच तथा सचिव द्वारा समिति के सदस्यों तथा संयोजको का माला पहनाकर स्वागत किया तथा समिति के सभी सदस्यों द्वारा पूर्ण रूप से सहयोग करने तथा आदरणीय दीनदयाल उपाध्यय जी अंत्योदय के विचार को लेकर काम करने का संकल्प लिया। इस अवसर सरपंच सावित्री देवी आनंदकुमार सिंह, सचिव भूपेंद्र सिंह, रोजगार सहायक मंजेश लोकेश सिंह, समिति के संयोजक आशीष सिंह भदौरिया समिति के सहसंयोजक सतेंद्र सिंह लवली समिति के सदस्यों में डॉ साहव सिंह, राजकुमार सिंह, किशोर सिंह, शिवमंगल सिंह, शैलेन्द्र सिंह, युवराज सिंह आदि उपस्थित रहे।

## किराये के मकान में कूलर से करंट लगने से आरक्षक की मौत



### फूप थाने में विगत दो वर्ष से आरक्षक दे रहा था सेवाएं, करंट ने ली जान, पुलिस जांच-पड़ातल में जुटी

भिण्ड। फूप थाना क्षेत्र के अटेर रोड तिराहा पर स्थित एक किराये के मकान में आरक्षक निवास करता था रात के वक्त ड्यूटी खत्म कर जब वह कमरे पर पहुंचा तो कूलर सुधारने लगा, इसी दौरान उसे करंट लग गया, अकेला होने की बजह से किसी तरह की मदद नहीं मिली और उसने दम तोड़ दिया, जिसके बाद उसका साथी दोस्त ड्यूटी करके रूम पर पहुंचा तो अंदर से दरबाजा नहीं खुला तो इसकी सूचना तुरंत फूप पुलिस को दी गई, मौके पर पहुंची थाना प्रभारी अनीता गुर्जर सहित एसडीओपी व पुलिस फोर्स ने कमरे की कुंदी तोड़ी और अंदर जाकर देखा तो आरक्षक मृत अवस्था में पड़ा हुआ मिली, जिसकी सूचना परिजनों को दी गई दोपहर तक परिजन रोते बिलखते हुए कस्बे में पहुंचे। पुलिस ने शव का पीएम कराकर परिजनों के सुर्पुद कर दिया है। वहीं इस हादसे से पूरे पुलिस परिवार शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस के अनुसार बुधवार-गुरुवार रात लगभग 11 बजे आरक्षक केशव जाटव पुत्र मधुर जाटव उम्र 32 वर्ष निवासी कैमरा गांव, जिला मुरैना, हाल-अटेर रोड तिराहा फूप जो सतीश कुमार जैन के किराये के मकान में निवास कर रहा था और उनके साथ एसआई देवीदीन अनुरागी साथ रहते थे, रात के समय जब वह ड्यूटी करके कमरे पर लौटा तो उनका दोस्त थाने में ड्यूटी करने के लिए चला गया था, इसी दौरान वह कूलर सुधारने लगे और करंट की चपेट में आने से उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। फूप थाने में विगत दो वर्ष से सेवाएं दे रहे थे, जिन्हें ऑफिस संबंधित कार्य बहुत अच्छे तरीके से आता था।



## अफगानों का दर्द

अफगानिस्तान में तालिबान का कब्जा होने के बाद पूरी दुनिया के सामने एक ही चिंता है, अपने नागरिकों को वहां से सुरक्षित निकालना। भारत भी इस चिंता से जुदा नहीं है। पिछले तीन दिन से वायुसेना और सरकार अपने नागरिकों को जैसे-तैसे निकाल पा रही है। अब भी अफगानिस्तान में दो हजार के करीब भारतीय फंसे हैं। हर दिन जटिल होती जा रही परिस्थितियों को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने अपने आवास पर सीसीएस की बैठक बुलाई। इस बैठक का पूरा खाका सामने नहीं आया है, मगर इतना तय है कि अफगानिस्तान से अपने नागरिकों को निकालने के साथ ही सीमा पर जो चुनौती खड़ी हुई है, उससे निपटने पर चर्चा हुई है। ऐसा होना स्वाभाविक भी है। एयरपोर्ट पर लगातार हो रही फायरिंग के बीच वहां फंसे लोगों की हालात की कल्पना कर पाना भी आसान नहीं है। काबुल हवाई अड्डे पर न सिर्फ दूसरे मुल्कों के नागरिक बल्कि अफगानी भी जान बचा कर भाग रहे हैं। इससे यह तो साफ हो चला है कि आने वाले दिनों में इस मुल्क की तस्वीर कैसी बनने वाली है। अराजकता के इस माहौल में देश-दुनिया में एक बड़ा सवाल यह भी उठ रहा है कि अफगानिस्तान की इस हालत के लिए आखिर कौन जिम्मेदार है। क्या इसका दोषी अमेरिका को माना जाए, जो यहां से पिंड छुड़ा कर भाग निकला। या फिर देश छोड़ कर भागे राष्ट्रपति अशरफ गनी को माना जाए, जो जनता को उसके हाल पर छोड़ कर बच निकले या फिर तालिबान को जिसने बड़ी आसानी से निर्वाचित सरकार को चलता कर दिया? इस सवाल पर सबके अपने-अपने तर्क और विचार हो सकते हैं। वैसे सरसरी तौर पर देखें तो अफगान संकट के लिए अमेरिकी नीतियां ही ज्यादा जिम्मेदार जान पड़ती हैं। काबुल पर तालिबान के कब्जे के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के बयान हैरान करने वाले हैं। बाइडेन ताल ठोक कर कह रहे हैं कि वे अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों को हटाने के अपने फैसले पर अडिग हैं और उन्हें इस पर कोई पछतावा नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि इस वक्त अफगानिस्तान जिस हालात से गुजर रहा है उसके लिए अशरफ गनी ही जिम्मेदार हैं। हालांकि अभी यह बात समझ से परे ही है कि बाइडेन ने क्या सोच कर यह कहा और ठीकरा गनी के सर फोड़ दिया। दरअसल अमेरिका की तो नीति ही यह रही है कि मौका पाकर दूसरे देशों में जाल बिछाया जाए और जब हित पूरे हो जाएं तो वहां से निकल लें। अमेरिका ने पिछले दो दशकों में अफगान मिशन पर अरबों डालर फूंके। लंबे समय से वह तालिबान का सफाया करने और अफगान सैनिकों को प्रशिक्षण देने का दावा भी करता रहा। लेकिन उसके ये दावे अब असलियत बयां कर रहे हैं। आज के हालात देख कर तो अब यह भी कहा जा रहा है कि आतंकवाद से निपटने के नाम पर अमेरिका दुनिया की आंखों में धूल झोंकता रहा। क्या अमेरिका बीस साल में तालिबान का सफाया कर पाया? अफगान सैनिकों को उसने ऐसा कैसा प्रशिक्षण दिया कि वे तालिबान के सामने जरा नहीं टिक पाए और तालिबान बिना किसी प्रतिरोध के देश पर कब्जा करता चला गया? इसमें कोई शक नहीं कि तालिबान के हमलों में अपने सैनिकों के मारे जाने से परेशान अमेरिका किसी भी तरह से यहां से निकलना चाह रहा था, और वह निकल भी गया। आज भी उसकी चिंता काबुल के नागरिकों की नहीं, बल्कि अफगानिस्तान में फंसे अमेरिकियों और उसके समर्थकों की है। इसीलिए उसने काबुल हवाई अड्डे पर छह हजार सैनिक तैनात कर दिए। इसीलिए कहा जाता रहा है कि अमेरिका अपने हितों के लिए पहले आतंकी संगठन खड़े करता है और फिर जब वे उसके लिए सरदर्द बन जाते हैं तो उनके सफाए के नाम पर दूसरे देशों में सैन्य अभियान चलाता है जो मुल्कों की तबाही का कारण बनते हैं। लगता है आज का अफगानिस्तान भी यही सबकुछ झेल रहा है।

# भारत की स्वर्ण पदक जीत के लिए उचित माहौल बनाना

**अनुराग सिंह ठाकुर**

हमारे प्रधानमंत्री द्वारा नीरज चोपड़ा को चूरमा तथा पीवी सिंधु को आइसक्रीम पेश करना, बजरंग पुनिया के साथ हंसते हुए रवि दहिया को और हंसने के लिए कहना तथा मीराबाई चानू के अनुभव सुनना - इस दृश्य को देखकर प्रत्येक भारतीय के चेहरे पर अवश्य ही मुस्कान आयी होगी। यह बात भी समान रूप से प्रोत्साहित करने वाली थी कि उन्होंने टोक्यो में भाग लेने वाले प्रत्येक एथलीट के साथ समय बिताया। अगले दिन, उन्होंने पैरालंपिक दल के साथ बातचीत की तथा उनकी प्रेरक जीवन यात्रा पर चर्चा की। ये दृश्य नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व के एक अलग पक्ष का संकेत देते हैं - एक व्यक्ति, जो खेल के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ा है और वह भारत के एथलीटों के लिए कुछ अलग, कुछ अतिरिक्त भी करने के लिए तैयार है। टोक्यो खेलों के शुरू होने से पहले, नरेन्द्र मोदी ने टोक्यो में हमारी तैयारियों का जायजा लेने के लिए एक व्यापक समीक्षा बैठक की।

जिन लोगों ने नरेन्द्र मोदी को करीब से देखा है, वे इस बात की पुष्टि कर सकते हैं कि युवाओं के बीच खेल की संस्कृति का समर्थन करने में नरेन्द्र मोदी व्यक्तिगत स्तर पर रूचि लेते हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में, उन्होंने खेल महाकुंभ पहल की शुरूआत की, जिसके जरिये एक ऐसे राज्य में जमीनी स्तर पर खेल-भागीदारी को बढ़ावा मिला, जो ऐतिहासिक रूप से खेल उत्कृष्टता के लिए नहीं जाना जाता है। एक अन्य तरीके से भी नरेन्द्र मोदी ने खेल और खिलाड़ियों का समर्थन किया है और इस आधार पर मेरे तर्क को समर्थन मिलता है कि वे भारत के पहले प्रधानमंत्री हैं, जिन्हें खिलाड़ियों का प्रधानमंत्री कहा जा सकता है! कुछ दिनों पहले, 2013 का एक वीडियो वायरल हुआ था। उस वीडियो में, नरेन्द्र मोदी पुणे में कॉलेज के छात्रों के एक समूह को संबोधित कर रहे थे, जहां उन्होंने अफसोस जताया कि भारत में एक बड़ी और प्रतिभाशाली आबादी रहती है तथा देश में खेल उत्कृष्टता का इतिहास भी है, लेकिन एक ओलंपिक के बाद अगले ओलंपिक के बीतने के बाद भी हम अपने पदकों की संख्या को बढ़ाने के लिए संघर्ष करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई कारण नहीं है कि भारत जैसा देश ओलंपिक की सफलता से वंचित रहे। उनका कहना है कि मुद्दा खिलाड़ियों का नहीं, बल्कि उचित सहायक माहौल बनाने में हमारी अक्षमता का है।



खेल को उचित समर्थन व गरिमा मिलनी चाहिए। महिला और पुरुष हॉकी टीम का कहना है कि हार के बाद प्रधानमंत्री के फोन कॉल ने उनका मनोबल बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 2019 में जब नीरज चोपड़ा को गंभीर चोट लगी, तो पीएम मोदी ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की, जिसे व्यापक रूप से सराहा गया था।

यदि हम बात खेलकूद की करें, तो प्रधानमंत्री ने यह भलीभांति समझ लिया है कि असली समस्या क्याी है। प्रधानमंत्री का स्पीष्टे मानना है कि लोग खेलों में रुचि तो बहुत दिखाते हैं, लेकिन जब इसे अभिभावकों द्वारा प्रोत्साहन देने और इसमें बच्चों के भाग लेने की बात आती है, तो भारी अंतर देखने को मिलता है। प्रधानमंत्री ने ओलंपिक पदक विजेताओं से मुलाकात के बाद कहा, 'खेलकूद में हाल ही में मिली अद्भुत सफलताओं को देखकर मुझे पक्काओ विश्वास है कि खेलकूद के प्रति माता-पिता के नजरिए में व्यांपक बदलाव आएगा।' इस टिप्पणी में सच्चाहई और उम्मीददें दोनों ही थीं। जब बच्चों के माता-पिता भारत द्वारा जीते गए पदकों की संख्या को बढ़ते हुए देखते हैं, तो वे भी बढ़े हुए हौसले के साथ मन में यह संकल्पर लेते हैं कि वे खेलकूद के प्रति अपने बच्चों की रुचि को निश्चित रूप से बढ़ावा देंगे। लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि जब वे यह देखते हैं कि सरकार के सभी प्रतिष्ठातन और कॉरपोरेट सेक्ट र हमारे खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं तो उन्हें एहसास होता है कि खेल भी एक आकर्षक और सम्मानजनक करियर बन सकता है।

खेलकूद में भारत की मिली शानदार सफलता को हम विभिन्न तरीकों से और आगे बढ़ा सकते हैं। इनमें से एक तरीका यह है कि हमारे राज्यों से यह कहा जाए कि वे 'एक राज्य - एक खेल' दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करें; सभी राज्य अपने-अपने क्षेत्र में बड़ी संख्याा में उपलब्ध प्रतिभाओं, बच्चोंक की स्वोभाविक रुचि, जलवायु और उपलब्ध बुनियादी ढांचागत सुविधाओं के आधार पर किसी एक विशेष खेल या कुछ खेलों को बढ़ावा (दूसरों खेलों की अनदेखी न करते हुए) देने के लिए उन्हें प्राथमिकता दे सकते हैं। इससे न केवल एक केंद्रित दृष्टिकोण सुनिश्चित होगा, बल्कि संबंधित राज्य में उपलब्धस संसाधनों का इष्टतम उपयोग भी हो पाएगा। इसके अलावा, हमें इस मुहिम में कॉरपोरेट इंडिया को भी अवश्या शामिल करना होगा, ताकि %वन स्पोर्ट - वन कॉरपोरेट' नजरिया अपनाया जा सके। पूरी दुनिया में उभरती प्रतिभाओं को आवश्यनक समर्थन देने, लीग बनाने, प्रशंसकों को तरह-तरह का अद्भुत अनुभव कराने, और खिलाड़ियों की वित्तीय स्थिति बेहतर करने के लिए विपणन के साथ-साथ प्रचार-प्रसार करने में कंपनियां ही सबसे आगे होती हैं। पिछले कई वर्षों से क्रिकेट के साथ कंपनियों के जुड़ाव की सफलता की गाथाएं इसकी मिसाल हैं। इसके अलावा, खेलों के प्रायोजन की कमान एफएमसीजी ब्रांडों के बजाय अब नए फिनटेक यूनिकॉर्न संभालने लगे हैं। यह खिलाड़ियों, कंपनियों और स्व यं खेल सभी के लिए फायदे का सौदा हो सकता है।

देश में विभिन्नफ खेलों और प्रतिभाओं को इनसे जोड़ने को बढ़ावा देने का एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू जमीनी स्तर पर खेल संस्कृति का निर्माण करना है। इसके लिए स्थानीय, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेलों के कैलेंडर का विस्तार करना अनिवार्य है। भारत में प्रत्येक खेल में 'क्षेत्रीय लीग' की नितांत आवश्यकता है जिससे युवा एथलीटों को विभिन्न स्तरों पर पूरे वर्ष के दौरान अपने कौशल को सुधारने का अवसर मिलेगा, स्वैस्थए प्रतिस्पर्धी भावना उत्प न्नऔ होगी और इसके साथ ही देश भर में खेलकूद के समग्र परिवेश और बुनियादी ढांचांगत सुविधाओं का व्या पक विस्तापर होगा। मेरा यह भी स्पंष्ट मानना है कि हमारी विश्वविद्यालय प्रणाली को ओलंपिक खेलों में उत्कृष्टता के लिए एक अद्भुत स्रोत में परिवर्तित किया जा सकता है।

ये उपाय आगे चलकर रुचि और भागीदारी के बीच की खाई को पाटेंगे।

एक चीज जिसने भारतीय खेलों की मदद की है, वह है - गुणवत्ता और वैश्विक मानकों पर जोर। पारंपरिक रास्ता नौकरशाही से जुड़ा और थकाऊ था। मोदी सरकार में यह सब बदल गया है। यहां प्रधानमंत्री भी सीधे खिलाड़ियों से जानकारी लेना पसंद करते हैं। टोक्यो 2020 में भाग लेने वाले दल से मुलाकात के दौरान, उन्होंने खिलाड़ियों से खेलों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के तरीकों के बारे में अपने विचार साझा करते रहने को कहा। मीराबाई हों या मैरी कॉम, प्रधानमंत्री ने व्यक्तिगत रूप से यह सुनिश्चित किया कि चोटों के दौरान उन्हें सबसे अच्छा इलाज मिले।

आधुनिक तकनीक का उदय (विडंबना के रूप में) भारतीय खेलों को प्रभावित करने वाले कई अन्य मुद्दों में से एक है। नरेन्द्र मोदी ने इस मुद्दे को अपनी पुस्तक %एग्जाम वॉरियर्स% में और अपने %परीक्षा पे चर्चा% से जुड़े टाउनहॉल कार्यक्रमों के दौरान भी रेखांकित किया है। उन्होंने खेल के मैदान (प्लेयिंग फील्ड) और खेल के केन्द्र (प्ले स्टेशन) को समान महत्व देने की बात कही। मोदी ने आधुनिक तकनीक के आगमन को खारिज नहीं किया है। उन्होंने एक स्वस्थ संतुलन बनाने का आह्वान किया है, जहां खेल के मानवीय तत्व- सामूहिकता (टीम वर्क) और एकजुटता - को बनाए रखा जाए। इसके अलावा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी ऐसी प्रक्रियाओं का समावेश किया गया है, जो खेल से जुड़ी शिक्षा को एक आकर्षक विकल्प बनायेंगे। आने वाले सालों में मणिपुर को भारत का पहला खेल विश्वविद्यालय मिलेगा, जोकि एथलीटों के लिए वरदान साबित होगा और विशेष रूप से पूर्वोत्तर क्षेत्र में खेलों की समृद्ध विरासत का दोहन करेगा। टोक्यो 2020 कई मायनों में भारत के लिए पहला ओलंपिक साबित हुआ। हमने एथलेटिक्स में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता, हॉकी टीम ने चमत्कारिक प्रदर्शन किया।

## प्राणवान प्रतिभाओं की खोज

प्रगति पथ पर अग्रसर होने के लिए तदनुरूप योग्यता एवं कर्मनिष्ठा उत्पन्न करनी पड़ती है। साधन जुटाने पड़ते हैं। कठिनाइयों से जूझने, अड़चनों को निरस्त करने और मार्ग रोककर बैठे हुए अवरोधों को हटाने के लिए साहस, शौर्य और सूझबूझ का परिचय देना पड़ता है। जो कठिनाइयों से जूझ सकता है और प्रगति की दिशा में बढ़ चलने के साधन जुटा सकता है, उसी को प्रतिभावान कहते हैं। सामुदायिक सार्वजनिक क्षेत्र में सुव्यवस्था बनाने के लिए और भी अधिक प्रखरता चाहिए। यह विशाल क्षेत्र, आवश्यकताओं और गुत्थियों की दृष्टि से तो और भी बढ़ा-चढ़ा होता है। हीन वर्ग अपने साधनों के लिए, मार्गदर्शन के लिए दूसरों पर निर्भर रहता है। यह परजीवी वर्ग ही मनुष्यों में बहुलता के साथ पाया जाता है। अनुकरण और आश्रय ही उसका स्वभाव होता है। ऐसे लोग निजी निर्धारण कदाचित ही कभी कर पाते हैं। दूसरा वर्ग- समझदार होते हुए भी संकीर्ण स्वार्थपरता से घिरा रहता है। योग्यता और तत्परता जैसी विशेषताएं होते हुए भी ऐसे लोग अपने को लोभ, अहंकार की पूर्ति के लिए ही नियोजित किए रहते हैं।

नीरज चोपड़ा ने दी देश की उम्मीदों को नई उड़ान (लेखक- - योगेश कुमार गोयल / ईएमएस)

टोक्यो ओलम्पिक भारत के लिए अभी तक का सबसे अच्छा ओलम्पिक साबित हुआ है, जिसमें भारत ने 1 स्वर्ण, 2 रजत और 4 कांस्य सहित कुल 7 पदक जीते हैं। इससे पहले 2012 के लंदन ओलम्पिक में भारत 6 पदक जीतने में सफल हुआ था। 7 अगस्त 2021 का दिन तो भारत के लिए ओलम्पिक खेलों के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गया है। दरअसल ओलम्पिक खेलों के इतिहास में भारत ने न केवल पहली बार सर्वाधिक 7 पदक जीते हैं बल्कि 7 अगस्त को भारत का एथलेटिक्स (ट्रैक एंड फील्ड इवेंट्स) में पदक जीतने का 121 साल लंबा इंतजार भी खत्म हो गया और यह करिश्मा कर दिखाया जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने भारत को इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक दिलाकर। टोक्यो ओलम्पिक में भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा ने ऐसा इतिहास रच डाला, जो उनसे पहले एथलेटिक्स में 121 वर्षों में कोई भी एथलीट नहीं कर सका। एथलेटिक्स किसी भी ओलम्पिक का सबसे प्रमुख आकर्षण होते हैं लेकिन यह भारत का दुर्भाग्य ही रहा है कि 121 सालों में कोई भी भारतीय एथलीट ओलम्पिक में पदक नहीं जीत सका। सन् 1900 में हुए ओलम्पिक में ब्रिटिश इंडिया की ओर से खेलते हुए नॉर्मन प्रिटचार्ड ने एथलेटिक्स में दो पदक जीते थे लेकिन नॉर्मन प्रिटचार्ड भारतीय नहीं बल्कि अंग्रेज थे। इस प्रकार नीरज भारत के लिए ओलम्पिक में एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं।



23 वर्षीय जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा एथलेटिक्स में ओलम्पिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी होने के साथ ओलम्पिक में व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल करने वाले दूसरे खिलाड़ी भी बन गए हैं। उनसे पहले 2008 के बीजिंग ओलम्पिक में निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने 10 मीटर एयर राइफल इवेंट का स्वर्ण अपने नाम किया था। इस तरह भारत को न सिर्फ 13 वर्षों के अंतराल बाद किसी इवेंट में स्वर्ण पदक मिला बल्कि 121 वर्षों में पहली बार एथलेटिक्स में भी स्वर्ण पदक जीतने में अप्रत्याशित सफलता मिली। नीरज की यह स्वर्णिम जीत भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण इसलिए भी है क्योंकि ओलम्पिक खेलों के इतिहास में यह भारत का अभी तक का केवल 10वां स्वर्ण पदक ही है। इससे पहले भारत को हॉकी में 8 और शूटिंग में 1 स्वर्ण पदक मिला है।

नीरज ने गत वर्ष साउथ अफ्रीका में आयोजित हुए सेंट्रल नॉर्थ ईस्ट मीटिंग एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में 85 मीटर के अनिवार्य क्वालिफिकेशन मार्क को पार करते हुए 87.86 मीटर दूर जैवलिन (भाला) फेंककर ओलम्पिक का टिकट हासिल किया था। टोक्यो ओलम्पिक के पहले राउंड में 12 खिलाड़ियों में से 8 ने अगले और फाइनल राउंड में जगह बनाई थी। क्वालीफाइंग राउंड में नीरज ने 86.65 मीटर दूर भाला फेंका था और अपने ग्रुप में पहले स्थान पर रहे थे। नीरज चोपड़ा के मामले में सबसे अच्छी बात यही रही कि शुरु से आखिर तक वह एक बार भी शीर्ष स्थान से नीचे नहीं फिसले। ओलम्पिक के फाइनल मुकाबले में नीरज ने अपने पहले प्रयास में 87.03 मीटर दूर भाला फेंका जबकि दूसरे प्रयास में 87.58 तथा तीसरे प्रयास में 76.79 मीटर दूर भाला फेंका और 87.58 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीतकर भारत के लिए ओलम्पिक खेलों में सफलता की नई इबारत रचने में कामयाब रहे। प्रतिस्पर्धा में दूसरे और तीसरे स्थान पर चेक खिलाड़ी रहे। 86.67 मीटर थ्रो के साथ चेक के जाकुब वेदलेच को रजत और 85.44 मीटर के थ्रो के साथ चेक के ही वितेस्लाव वेसेली को कांस्य पदक मिला।

24 दिसम्बर 1997 को हरियाणा के पानीपत जिले के खांद्रा गांव में एक छोटे से किसान के घर पर जन्मे नीरज चोपड़ा टोक्यो ओलम्पिक में इतिहास रचने से पहले भी कई बड़ी-बड़ी चैम्पियनशिप जीत चुके हैं। भारतीय सेना में कार्यरत नीरज ओलम्पिक में बेमिसाल जीत दर्ज कराने से पहले कुछ बड़े मेगा स्पोर्ट्स इवेंट में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय पहले ही दे चुके हैं। वह एशियाई खेलों,

# अशांत अफगानिस्तान और भारत के समक्ष चुनौतियां

**सूडोकु नवताल- 5807** ★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5806 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

**नृपेन्द्र अभिषेक नृप**

एशिया का यह देश जो कि आज भी रक्तरंजित होते रहता है और दुनियां की तमाम सुपर पावर देश अपनी उंगलियों पर नचाते रहे हैं। वास्तव में अफगानिस्तान में अशांति एशिया ही नहीं बल्कि विश्व के लिए खतरे की घण्टी रही हैं। अब जबकि एक बार फिर तालिबान ने अफगानिस्तान पर कब्जा कर लिया है और अपनी शासन प्रणामी लागू करने की ओर अग्रसर है । ऐसे में विश्व के सामने फिर शांति स्थापित करना , आम जन के अधिकार , महिलाओं पर अत्याचार जैसे मुद्दे चुनौती बन चुके हैं। अफगानिस्तान भारत का पड़ोसी है और भारत भी शांति बहाल के लिए कोशिश करते रहा है। यही नहीं भारत ने अफगानिस्तान के विकास के लिए निवेश भी कर रहा है। जाहिर सी बात है कि तालिबान के वापसी से भारत अफगानिस्तान सम्बन्धो पर सीधा प्रभाव पड़ेगा और जिससे भारत की सुरक्षा और अफगानिस्तान में किए गए निवेश भी प्रभावित होंगे।

इस समय जबकि दुनिया के अधिकांश देश नोवेल कोरोना वायरस से मुकाबला करने के लिए रणनीति बनाने में जुटे हुए हैं । तो वहीं युद्धग्रस्त अफगानिस्तान राजनीतिक गतिरोध, कमजोर शांति समझौते, कम होती सहायता और एक वैश्विक महामारी के खतरे जैसे अवरोधों का सामना एक साथ कर रहा है। अफगानिस्तान में तालिबान के कब्जे का दायरा बढ़ने के साथ ही भारत के साथ रूस और चीन तक आतंकी गतिविधियों का डर हो रहा है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि तालिबान मध्य एशियाई देशों की सीमाओं का सम्मान करे। ये देश कभी सोवियत संघ का हिस्सा थे। पिछले हफ्ते चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा था कि अफगानिस्तान में सबसे बड़ी चुनौती युद्ध और अराजकता को रोकने की होगी। शंघाई इंटरनेशनल स्टडीज यूनिवर्सिटी में मध्य-पूर्व मामलों के विशेषज्ञ फैन होंगडा ने कहा, 'अफगानिस्तान में अराजकता अन्य देशों में फैल सकती है। इससे क्षेत्रीय अशांति पैदा होगी।' भारत में अफगानिस्तान के राजदूत फरीद मामुंडजे ने कहा, 'तालिबान की 20 से अधिक आतंकी समूहों से घनिष्ठता है। ये संगठन रूस से भारत तक पूरे क्षेत्र में काम करते हैं। तालिबान का वर्चस्व बढ़ने पर वे भारत के लिए बड़ा खतरा साबित हो सकते हैं।' भारत और अफ़ग़ानिस्तान आपस में गहरे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक सम्बन्ध साझा करते हैं। भारत-अफ़ग़ान रिश्तों की कहानी सिन्धु घाटी सभ्यता के समय से जुड़ी हुई है। अधिकारिक तौर पर भारत अफगानिस्तान से सीमा साझा करता है। हालाँकि, जम्मू कश्मीर का यह इलाका अब पाकिस्तान के कब्जे में है। भारत अफगानिस्तान सीमा की लम्बाई करीबन 106 किमी है।

अफगानिस्तान दक्षिण एशिया में भारत का अहम साथी है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध पारंपरिक रूप से मज़बूत और दोस्ताना रहे हैं। 1980 के दशक में भारत-अफगान संबंधों को एक नई पहचान मिली, लेकिन 1990 के अफगान-गृहयुद्ध और वहाँ तालिबान के सत्ता में आ जाने के बाद से दोनों देशों के संबंध कमज़ोर होते चले गए। इन संबंधों को एक बार फिर तब मजबूती मिली, जब 2001 में तालिबान सत्ता से बाहर हो गया और इसके बाद अफगानिस्तान के लिये भारत मानवीय और पुनर्निर्माण सहायता का सबसे बड़ा क्षेत्रीय प्रदाता बन गया है।

अफगानिस्तान में भारत के पुनर्निर्माण के प्रयासों से विभिन्न निर्माण परियोजनाओं पर काम चल रहा है। भारत ने अब तक अफगानिस्तान को लगभग तीन अरब डॉलर की सहायता दी है जिसके तहत वहाँ संसद भवन, सड़कों और बांध आदि का निर्माण हुआ है। वहाँ कई मानवीय व विकासशील परियोजनाओं पर भारत अभी भी काम कर रहा है। यही वज़ह है कि मौजूदा वक्त में अफगानिस्तान में सबसे अधिक लोकप्रिय देश भारत को माना जाता है।

अब जबकि तालिबान के शासन होने जा रहा है। ऐसे में भारत का तालिबान से रिश्ते देखना होगा। भारत और तालिबान के रिश्ते कभी भी अच्छे नहीं रहे हैं । भारत ने राजनैतिक और आधिकारिक तौर पर कभी भी तालिबान को तवज्जो नहीं दी जब 1996-2001 के दौरान तालिबान सत्ता पर काबिज़ था । तालिबानी नेता मुल्ला बरादर ने अपने वक्तव्य में उन देशों में भारत का नाम नहीं लिया जिन्होंने अफ़ग़ानिस्तान में अमन के लिए कोशिशें की । बरादर ने पाकिस्तान की ख़ास तौर पर उसके कामों और मदद की तारीफ़ की । साल 1999 में विमान अपहरण के बाद भारत को मौलाना मसूद अज़हर समेत कई आत्नकियों को रिहा करना पड़ा था जिसकी कड़वी यादें आज भी भारत के ज़ेहन में ताज़ा हैं ।

## तालिबानः पाकिस्तान की दुविधा

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

भारत के लोग समझ रहे हैं कि काबुल में तालिबान के आ जाने से पाकिस्तान की पो-बारह हो गई है। यह ठीक है कि यदि पाकिस्तान मदद नहीं करता तो तालिबान का जिंदा रहना ही मुश्किल हो जाता। पाकिस्तान ने उन्हें हथियार, पैसा, प्रशिक्षण और रहने को जगह दी है। इसका अर्थ सारी दुनिया ने यह लगाया कि तालिबान उसकी कठपुतली बनकर रहेगा लेकिन ऐसा समझनेवाले लोग अफगान पठानों का मूल चरित्र नहीं समझते। अफगानों से बढ़कर आजाद स्वभाववाले लोग सारी दुनिया में नहीं हैं। उन्होंने 1842 में ब्रिटिश सेना के 16000 जवानों में से 15999 को मौत के घाट उतार दिया था। अन्य दो हमलों में फिर उसने ब्रिटेन को मात दी। उसके बाद उसने 30-40 साल पहले रूस के हजारों सैनिकों को मार भगाया और अब 20 साल छकाने के बाद अमेरिकी फौज को धूल चटा दी। दुनिया के तीन बड़े साम्राज्यों की नाक नीची करनेवाले अफगान क्या पाकिस्तान की ''पंजाबी फौज' के आगे अपनी नाक रगड़ेगें ? कदापि नहीं। पाकिस्तान के नेता, फौजी और इतिहास के विद्वान इन तथ्यों से अनजान नहीं हैं। इसीलिए वे जश्न तो मना रहे हैं लेकिन उनसे पूछिए कि वे कितने पसीने में तर हो गए हैं ? यदि तालिबान पाकिस्तान की कठपुतली होते तो क्या वजह है कि अभी तक काबुल में नई सरकार शपथ नहीं ले सकी है ? पाकिस्तान के हुक्मरानों को डर है कि यदि काबुल में तालिबान की निरंकुश इस्लामी सत्ता कायम हो गई तो वह पाकिस्तान का सबसे बड़ा सिरदर्द होगा। तालिबान पर पाकिस्तान नहीं, पाकिस्तान पर तालिबान चड्डी गांठेंगें। वे उससे पूछेंगे कि सारी दुनिया में इस्लाम के नाम पर बननेवाला अकेला राष्ट्र पाकिस्तान है लेकिन 'ए पंजाबियों, तुम कितने इस्लामी हो?' तालिबान आंदोलन में कई फिरके हैं। 'तहरीके-तालिबान पाकिस्तान' तो पाकिस्तान के अंदर रहकर उसके खिलाफ कार्रवाई करता रहा है। 1983 में जब पेशावर के जंगलों में मैं पहली बार मुजाहिदीन नेताओं से मिला तो वे कहते थे कि पेशावर तो हम पठानों का है। पाकिस्तान के पंजाबियों ने उस पर जबरन कब्जा कर रखा है। वे 1893 में अंग्रेजों द्वारा खींची गई डूरेंड सीमा-रेखा को बिल्कुल नहीं मानते। आज तक किसी भी अफगान सरकार ने उसे मान्यता नहीं दी है बल्कि सरदार दाऊद के प्रधानमंत्री काल में तीन बार पाक-अफगान युद्ध की नौबत आ खड़ी हुई थी। इसीलिए अब पाकिस्तान फूंक-फूंककर कदम रख रहा है। उसकी कोशिश है कि काबुल में अब एक मिली-जुली सरकार कायम हो जाए।

# सामंथा अक्किनेनी के इंस्टाग्राम पर हुए 10.5 लाख फॉलोवर



तेलुगू स्टार सामंथा अक्किनेनी ने इंस्टाग्राम पर अपने 10.5 लाख फॉलोवर पूरे होने पर इस वर्चुअल फैमिली को प्यार भेजा है। उन्होंने अपने फॉलोवर को धन्यवाद देते हुए एक विशेष वीडियो पोस्ट किया है। सामंथा इस वीडियो में कहती हैं, मैंने अभी शूटिंग पूरी की और देखा कि एक सरप्राइज मेरा इंतजार कर रहा है। इंस्टाग्राम पर मेरे 10.5 लाख फॉलोवर हो गए हैं। मैं सभी को धन्यवाद देती हूं, जिन्होंने मेरी पोस्ट को लाइक किया, उन पर कमेंट किया और मुझे सराहा। आप सभी ने मुझे वास्तव में मदद की, मुझे बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। इसके लिए मैं आपको पर्याप्त धन्यवाद भी नहीं दे सकती। आप सभी को मेरा प्यार। सामंथा की शादी तेलुगू सुपरस्टार नार्गाजुन के बेटे, अभिनेता नागा चैतन्य से हुई है। वे अक्सर सोशल मीडिया के जरिए अपनी प्रोफेशनल लाइफ को लेकर प्रशंसकों को अपडेट करती रहती हैं। लॉकडाउन के दौरान भी उन्होंने अपनी गतिविधियों के बारे में इंस्टाग्राम के जरिए प्रशंसकों को बताया। उन्होंने यह भी शेयर किया था कि वे इस समय को कैसे हैंडल कर रही हैं। सामंथा, मनोज बाजपेयी अभिनीत वेब सीरीज द फैमिली मैन के दूसरे सीजन में दिखाई देने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इस सीजन में शरद केलकर के साथ-साथ प्रियामणि, शारिब हाशमी, दर्शन कुमार, सनी हिंदुजा, श्रेया धनवंतरी, शहाब अली, वेदांत सिन्हा और महक ठाकुर भी हैं। द फैमिली मैन 2 12 फरवरी को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसकी रिलीज को इस साल की गर्मियों तक के लिए टाल दिया गया है।

## अली गोनी वन मैन आर्मी हैं: जैस्मीन भसीन

बिग बॉस 14 के पूर्व प्रतियोगी जैस्मीन भसीन ने कहा कि उनके कथित ब्वॉयफ्रेंड अली गोनी वन मैन आर्मी है। उन्होंने कहा कि विवादास्पद शो में उनका खेल अद्भुत रहा है, क्योंकि वह डर्टी गेम



नहीं खेलते हैं। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान द्वारा होस्ट किए जाने वाले शो के आगामी फैमिली वीक सेगमेंट में जैस्मीन को अली के कनेक्शन के रूप में देखा जाएगा। अली का गेम कैसा है, इस बारे में पूछे जाने पर जैस्मीन ने बताया, उनका खेल अद्भुत है। वह सबसे वास्तविक है। वह किसी भी तरह का डर्टी गेम नहीं खेल रहे हैं। वह कंटेंट के लिए कुछ भी डर्टी नहीं कर रहे है। साथ ही वह किसी की पीठ पर भी सवार नहीं है। उसने कहा, उसकी दोस्ती और वफादारी उनके लिए बहुत मायने रखती है। वह वन मैन आर्मी हैं और मुझे उन पर गर्व है। इससे पहले, जैस्मीन ने कहा था कि जिस तरह से अभिनव शुक्ला, अली के साथ व्यवहार कर रहे हैं, वह उनसे वह बहुत नाराज है।

## पत्नी के लिए घर जा रहा हूं: वरुण धवन

बॉलिवुड ऐक्टर वरुण धवन ने बीती 24 जनवरी को अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड नताशा दलाल के साथ शादी की है। वरुण धवन ने सोशल मीडिया पर पत्नी नताशा दलाल के लिए प्यार भरा पोस्ट शेयर



करने शुरू कर दिए हैं। ऐक्टर ने शूटिंग के बाद अपनी पत्नी को याद किया और सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। वरुण धवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वह काम के बाद अपनी कार में वापस घर लौटते हुए दिखाई दे रहे हैं। वरुण धवन ने इस वीडियो के साथ लिखा, 'पत्नी के लिए घर जा रहा हूं।' बताते चलें कि वरुण धवन इस समय अपनी अपकमिंग फिल्म 'जुग जुग जियो' की शूटिंग कर रहे हैं। वरुण धवन के इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि वह म्यूजिक को इंजॉय कर रहे हैं। वह काफी थके हुए लग रहे हैं। इस फिल्म के चंडीगढ़ शूट के दौरान वह और नीतू कपूर कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे। वर्कफ्रंट की बात करें तो वरुण धवन आखिरी बार डिजिटली रिलीज हुई फिल्म 'कुली नंबर 1' में नजर आए थे। फिल्म में उनके साथ सारा अली खान थीं। इस फिल्म उनके पिता डेविड धवन ने डायरेक्ट किया था है।

# रितिक रोशन अपनी एक्स वाइफ सुजैन के साथ फिर दिखे



एक बार फिर रितिक रोशन अपनी एक्स वाइफ सुज़ैन खान के साथ डिनर पार्टी पर साथ नजर आए। यह डिनर पार्टी किसी और ने नहीं बल्कि सुज़ैन के पापा संजय खान ने अपने घर पर रखी थी। सुजैन और रितिक दोनों संजय खान के घर पर पहुंचे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबि, सुजैन और रितिक शनिवार रात संजय खान के घर अपनी-अपनी कार से अलग-अलग पहुंचे थे। सुजैन के साथ उनका एक बेटा भी था। यह पार्टी संजय खान के जुहू वाले बंगले पर थी। बता दें कि सुज़ैन और रितिक साल 2014 में ही एक-दूसरे से अलग हो चुके हैं, लेकिन दोनों के बीच के रिश्ते आज भी मधुर हैं। अपने दोनों बेटों के लिए वे अक्सर एक-दूसरे से मिलते-जुलते रहते हैं और आउटिंग पर भी दोनों कई बार साथ होते हैं। रितिक ने साल 2000 में कहो ना प्यार है से डेब्यू वाले साल में ही सुजैन से शादी कर ली थी। सुजैन और रितिक की बॉन्डिंग अक्सर सोशल मीडिया पर भी नजर आ जाती है। जब भी रितिक मुश्किल में नजर आए हैं, सुजैन ने सोशल मीडिया पर उनके लिए सपॉर्ट जताया है।



# दिन में 4 से 5 कप चाय पीने वालों की शरीर पर आ सकती है ये 5 मुसीबत, सेहत को खतरा

हालांकि चाय के कई स्वास्थ्य लाभ हैं, लेकिन अधिक मात्रा में चाय का सेवन करने से यह स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकती है। आइए जानते हैं अच्छी सेहत के लिए हमें कितनी मात्रा में चाय पीना चाहिए और अधिक चाय पीने के साइड इफेक्ट।


### कितनी मात्रा में चाय पिएं?

एक कप चाय में कैफीन की मात्रा अलग-अलग हो सकती है, जो चाय की पत्तियों के प्रकार और आपके द्वारा उपयोग की जा रही मात्रा पर निर्भर करती है। लेकिन आमतौर पर, एक कप चाय में कैफीन की मात्रा 20-60 मिलीग्राम के बीच होती है। इस प्रकार, प्रति दिन 3 कप से अधिक चाय नहीं पीने की सलाह दी जाती है।

### आयरन के अवशोषण को कम करता है

चाय में पाए जाने वाले टैनिन बहुत अधिक मात्रा में सेवन करने पर शरीर की आयरन को अवशोषित करने की क्षमता को कम करता है। कोलोराडो स्टेट यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट के अनुसार, चाय आयरन को अवशोषित करने की क्षमता को 60 प्रतिशत तक कम कर सकती है। यह शाकाहारियों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है, जिनमें आयरन की कमी का जोखिम अधिक हो सकता है।

### कुछ दवाओं के प्रभाव को कम कर सकता है



स्टडी के अनुसार, बहुत अधिक चाय का सेवन करने से कुछ एंटीबायोटिक दवाओं की प्रभावशीलता कम हो सकती है। चाय कीमोथेरेपी दवाओं, क्लोजापाइन और गर्भ निरोधकों के प्रभाव को कम कर सकती है।

### सिर चकराना

चाय में बहुत अधिक मात्रा में कैफीन होती है, जिससे चक्कर आ सकता है। ऐसा तब होता है जब कोई बहुत अधिक यानी 400-500 मिलीग्राम से अधिक कैफीन का सेवन करता है। हालांकि कैफीन के प्रति संवेदनशील या चिंता की समस्या से ग्रसित व्यक्ति को कम मात्रा में चाय का सेवन करने पर भी चक्कर आ सकता है।


### गर्भावस्था की जटिलता

गर्भावस्था के दौरान चाय का बहुत अधिक सेवन करने से कैफीन जोखिम को बढ़ा सकता है। इसके कारण गर्भपात और जन्म के समय शिशु का वजन कम हो सकता है। यह सलाह दी जाती है कि गर्भवती होने पर प्रतिदिन 200 मिलीग्राम से अधिक कैफीन का सेवन नहीं करना चाहिए।

### सीने में जलन

बहुत अधिक चाय होने से एसिड रिफ्लक्स की समस्या बढ़ सकती है। यह आंत में अम्ल के उत्पादन को बढ़ा सकता है।

# हिप्स और थाइज को रखना चाहते हैं टाइट और शेप में, तो ये योग करेंगे आपकी मदद



हर किसी की चाहत होती है उसकी बॉडी पूरी तरह फिट, टोन्ड और शेप में रहे और कई लोग इसके लिए तरह-तरह के जतन भी करते हैं। ज्यादातर लोग अपनी अपरबॉडी को शेप में लाने को ही फिटनेस मानते हैं, यहां तक कि जिम में भी ज्यादातर लोगों को अपरबॉडी के लिए फायदेमंद एक्सरसाइज करते ही देखा जाता है। लेकिन लोग ये भूल जाते हैं कि लोअर बॉडी अगर शेप में नहीं रहेगी तो कोई कैसे कंप्लीट फिट दिख सकता है। जो लोग अपनी थाइस और हिप्स पर फैट जमा होने के कारण बेडौल या अनफिट दिखने लगते हैं, वे ही इस बात को बेहतर तरीके से समझ सकते हैं। आज हम सीखेंगे कुछ आसान-सी एक्सरसाइज को आपके हिप्स को शेप में रखने में आपकी मदद करेगी।

### डॉन्की किक्स

1.सबसे पहले आप टेबल पोज में आएं, अब अपने दाएं पैर को ऊपर की तरफ लिफ्ट करें।

2.इसे इस तरह से करना है जैसे कि आप किक मार रहे हों। लेकिन इस दौरान पैर को तेज झटका देने से बचें।

3.पैर को जितना हो सके उतना ऊपर की तरफ ले जाने की कोशिश करें।

4.ऐसा एक बार में 10 से 20 बार के काउंट में रिपीट करें। फिर रिलैक्स करें।

5.अब इसे बाएं पैर से करेंगे। इन एक्सरसाइज को करते समय ब्रीदिंग नॉर्मल रख सकते हैं।

6.ब्रीदिंग टेक्निक फॉलो करने वाले लोग पैरों को ऊपर ले जाते वक्त एक्सेल करें यानी की सांस छोड़ें और पैरों को वापस करने के दौरान इनहेल करें यानी कि सांस अंदर लें।

### फायर हाइड्रेंट (साइड किक्स)

1.इसे करने के लिए पहले टेबल पोज में आएं।

2.अब दाएं पैर को साइड की तरफ से लिफ्ट करें।

3.ऐसा लगातार दोहराते रहें। इस दौरान ध्यान रखें कि आप पैरों को ढीला न छोड़ें।

4.अगर आप अपनी मसल्स को स्ट्रेच करके रखेंगे तो आपको क्रेंप आने का खतरा कम रहेगा।

5.अब इसे दूसरे पैर से रिपीट करें। एक बार में 10 लिफ्ट्स से शुरुआत कर सकते हैं।

6.धीरे-धीरे आप इसे बढ़ाते हुए 50 तक लेकर जा सकते हैं।

### रिवस लेग लिफ्ट्स

1.इसे करने के लिए पहले टेबल पोज में आएं।

2.अब अपने दाएं पैर को ज्यादा से ज्यादा ऊपर की ओर उठाएं।

3.10 काउंट तक होल्ड करें और फिर रिलैक्स करें। ऐसा ही बाएं पैर से लिफ्ट करें।

4.हर पैर से 5-5 लिफ्ट करते हुए शुरू कर सकते हैं।

5.बाद में अपनी केपैसिटी के हिसाब से काउंट और होल्ड टाइमिंग्स बढ़ा सकते हैं।

### हिप्स को टाइट और शेप में रखने के लिए योग

कहां और कब करें: इन एक्सरसाइजेज को करना काफी आसान है। आप घर पर आसानी से इसे कर सकते हैं। साथ ही इनको किसी भी वक्त किया जा सकता है, लेकिन इन्हें सुबह और शाम को करना ज्यादा बेहतर रहेगा। खाना खाने के तुरंत बाद इन एक्सरसाइजेज को करने से बचें।

**कब न करें ये एक्सरसाइज:** अगर आपको बीपी की प्रॉब्लम है तो एक साथ बहुत देर तक वर्कआउट न करें। साथ ही अगर आपकी कमर, घुटने, टखने, हिप्स या पैर में गंभीर चोट है तो इन एक्सरसाइज को करने से पहले डॉक्टर की सलाह लेंगे तो बेहतर रहेगा।

## फिल्म राधेश्याम का प्री-टीजर रिलीज, जबरदस्त लुक में नजर आए प्रभास

बहुप्रत्याशित राधे श्याम के मेकर्स ने फिल्म का एक छोटा प्री-टीजर जारी किया है, जिसमें फिल्म से लवर बॉय प्रभास की झलक दिखाई गई है। टीजर की शुरूआत प्रभास की ब्लॉकबस्टर हिट बाहुबली के लुक से होती है जिसे साहो तक दिखाया गया है, जिसके बाद उन्हें शाम को हल्की बर्फबारी के बीच चलते हुए दिखाया गया है, जिसमें सभी चीजें बेहद प्यारी दिख रही हैं। स्टार के व्यक्तित्व के इर्द-गिर्द प्री-टीजर दिखाना, कुछ ऐसा है जो भारतीय सिनेमा में पहली बार देखा गया है। फिल्म की पहली घोषणा के बाद से, प्रशंसक पैन-इंडिया स्टार प्रभास को फिल्म में खूबसूरत अदाकारा पूजा हेगड़े के साथ रोमांस करते देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। लगभग एक दशक के बाद प्रभास को रोमांटिक भूमिका निभाते हुए देखना दिलचस्प होगा। स्टार को आखिरी बार डार्लिंग में लवर बॉय के अवतार में देखा गया था। राधेश्याम एक बहुभाषी फिल्म होगी जो राधा कृष्ण कुमार द्वारा निर्देशित और गुलशन कुमार व टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत होगी।



# 19 आदतन अपराधियों को जिला बदर के आदेश

## (जिला मजिस्ट्रेट लवानिया ने जारी किया आदेश)

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड**

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भोपाल। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, भोपाल अविनाश लवानिया ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत विभिन्न अपराधों में संलिप्त 19 अपराधियों को भोपाल जिला एवं इसके समीपवर्ती जिलों की सीमाओं से निष्कासित करने के आदेश जारी किए हैं ।




जिला मजिस्ट्रेट और कलेक्टर श्री लवानिया ने आदतन अपराधी गौरव गोड़, संतोष ठाकुर, शेख समद उर्फ शानू थाना टीटी नगर, सलमान उर्फ बिल्ली थाना ईटखेड़ी, मोहम्मद शाहरूख उर्फ खर्रा थाना एशबाग, सुनील डागर थाना कोलार रोड, मुजीब उर्फ वसीम थाना हनुमानगंज, भारत सोनी थाना गौतम नगर को एक - एक वर्ष, जुबेर खान थाना जहांगीराबाद, दानिश उर्फ अजहरूदद्दीन थाना कोतवाली, आमिर थाना निशातपुरा, आरिफ खान थाना कोहेफिजा को छ- छ माह, बलवीर सिहं ठाकुर थाना ईटखेडी, फरहान मोहम्मद थाना तलैया, राजेन्द्र उर्फ दाउ थाना पिपलानी, फैजान उर्फ वानर थाना अशोका गार्डन, शानू अली उर्फ शानू थाना श्यामला हिल्स, गुलरेज लाला खान थाना गांधी नगर, बाबू मीना थाना बिलखिरिया को तीन- तीन माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है।

आदेश में उक्त सभी अपराधियों के विरूद्ध जिले के विभिन्न थानों में गंभीर अपराध पंजीबद्ध हैं। अपराधियों के विरूद्ध पारित निष्कासन आदेश में जिला भोपाल और उससे लगे अन्य जिलों विदिशा, सीहोर, रायसेन, राजगढ़ तथा होशंगाबाद की राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाने के आदेश दिये गये हैं । पुलिस अधीक्षक भोपाल के प्रतिवेदन के आधार पर की गई कार्रवाई में इनके विरूद्ध शहर के विभिन्न थानों में हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, तोड़फोड़, चाकूबाजी, मारपीट, लड़ाई-झगड़ा, जान से मारने की धमकी देने, चोरी, जुआ, सट्टा खेलने एवं खिलवाने, नकबजनी, अवैध शस्त्र रखने आदि के अपराध पंजीबद्ध हैं ।

### ग्वालियर के सपूत शहीद कैप्टन उपमन्यु सिंह के निवास पर पहुंचकर

# केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार द्वारा शहीद की मां का सम्मान कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का संदेश भी दिया

**इस अवसर पर सांसद श्री विवेकनारायण जी शेजवलकर भी उपस्तिथ रहे**



**अमित शर्मा रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर । केंद्रीयमंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार अपनी जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान ग्वालियर के सपूत शहीद कैप्टन उपमन्यु सिंह के निवास शहीद कैप्टन उपमन्यु मार्ग सिटी सेंटर पर पहुंचकर शहीद की मां श्रीमति सुमन सिंह जी का शाल श्रीफल से सम्मान किया ओर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का संदेश देते हुए कहा कि देश की रक्षा के लिए जिन सपूतों ने अपनी जान देकर एकता को अच्छून बनाने में अपनी कुर्बानी दी है वह हमारे लिए पूज्य है उनके परिवार के साथ उनके परिवारजन के साथ केंद्र सरकार मजबूती से खड़ी हुई है।

इस अवसर पर जनआशीर्वाद यात्रा के प्रभारी रणवीर रावत भाजपा के जिला अध्यक्ष कमल माखीजानी हरीश मेवाफरोश के साथ डॉ प्रवीण अग्रवाल ब्रजेश भारती आशुतोष अग्रवाल महेंद्र अग्रवाल उदयन सिंह आदि उपस्तिथ थे।

## वन-टू-वन



### राष्ट्रीय सद्भावना दिवस के अवसर पर

## कलेक्टर ने कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता और साम्प्रदायिक सद्भावना की शपथ दिलाई

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड(ब्यूरो)।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता और साम्प्रदायिक सद्भावना की शपथ दिलाई। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने शपथ दिलाते हुए कहा कि मैं प्रतिज्ञा करता/करती हूं कि मैं जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किए बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करूंगा/करूंगी। मैं पुनः प्रतिज्ञा करता/करती हूं कि मैं हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाऊंगा/सुलझाऊंगी। इस दौरान एडीएम श्री प्रवीण फुलपगारे सहित सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## टीवी से सम्बंधित जागरूकता अभियान'

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ, दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भोपाल(ब्यूरो)। ग्राम नलखेड़ा में जागरूकता अभियान टीवी से संबंधित नारे लेखन कार्य किया गया। ग्राम नलखेड़ा ब्लॉक बैरसिया भोपाल की आशा कार्यकर्ता अर्चना कुशवाहा अपने सहयोगियों के साथ मिलकर निरंतर जनजागरूकता अभियान चला रही हैं कभी कोविड़-19 पर कभी बेटी बचाओ अभियान चलाया है।अब टीवी की बीमारी से बचाव के लिए लेखन कार्य के साथ साथ लोगों को मिलकर जनजागरूकता अभियान चला रही हैं।



## वाहन चालकों एवं श्रद्धालुओं को चाय पिलाकर बताये ट्रैफिक के नियम

### दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने जोधपुर पाली हाइवे ने चलाई मुहिम लोगों को कर रहे जागरुक.

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

रोहट- जोधपुर पाली राष्ट्रीय राज्य मार्ग के प्रबंधन एवं प्रादेशिक परिवहन अधिकारी प्रवीणा चारण,राजेन्द्र दवे के मार्गदर्शन में राज्यमार्गों पर दुर्घटना से बचाव हेतु जागरूकता कार्यक्रम गाजनगढ़ टोल पर आयोजित किया गया।इस मौके पर टोल प्रबंधक पवन गोठवाल ने बताया कि अगर हम ट्रैफिक के नियमों का पालन करे तो होने वाली दुर्घटनाओं में काफी कमी ला सकते हैं,फिरोज खान ने बताया कि प्रति तीन मिनट में एक व्यक्ति राज्य मार्गों पर मौत का शिकार हो रहा है बहुत चिंता का विषय है आज हम वाहनों पर निर्भर होते जा रहे है.इसलिए यातायात के नियमों का कठोरता से पालन करना बहुत जरूरी है,इस मौके पर आवागमन करने वाले सैकड़ों वाहनों पर रिफलेक्टर रेडियम लगा सड़क सुरक्षा जीवन सुरक्षा का संदेश दिया,ये रहे उपस्थित,इरफान खान अमित विश्वकर्मा,पैरा मेडिकल स्टाफ अंकितपवार,शिवपुरी, गजेन्द्र चौधरी, खुशाल अरोड़ा, नरपत,नुसरत खान,सहित समस्त जन, उपस्थित थे।

# नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया ने इंदुर्खी के टूटे हुए पुल का निरीक्षण किया

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ, पुष्पांजली टुडे**

**(इंदुर्खी पुल के पुनर्निर्माण के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को दिए निर्देश)**

भिण्ड। मध्य प्रदेश सरकार के नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री एवं मेहगांव विधानसभा से विधायक ओ पी एस भदौरिया अपने निर्धारित जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन एवं पुलिस अधीक्षक और विभागीय अधिकारियों के साथ मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम इंदुर्खी के टूटे हुए पुल की सूचना मिलते ही उन्होंने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और कहा कि जनता धैर्य बनाए रखें पुल का पुनर्निर्माण किया जाएगा ताकि आवागमन में किसी भी प्रकार की कठिनाइयां ना हो हम सब इस संकट की घड़ी में ग्रामीणों के साथ उनके दुख सुख में खड़े हैं।



नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री भदौरिया ने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गुणवत्ता आधार पर पुल का पुनर्निर्माण कराने के लिए इंस्ट्रूमेंट तैयार किया जाए ताकि राज्य सरकार को भेज भेज कर इसका पुणे टेंडर किया जा सके।

राज्यमंत्री भदौरिया ने कहा कि की बाढ़ आने से पुल टूट गया था जिससे आवागमन में कठिनाइयां हुई मध्यप्रदेश की शिवराज सिंह के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार आपके साथ है पीड़ित परिवार जनों को पूरे समय सहायता खाना भोजन राशन मुहैया कराया जा रहा है प्रशासनिक अधिकारी पूरी ताकत के साथ दिन-रात राहत कार्य में जुटे हैं।

राज्यमंत्री भदौरिया के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता राजकुमार सिंह कुशवाहा पार्टी कार्यकर्ता जिला कॉलेक्टर सतीश कुमार एस,पुलिस अधीक्षक मनोज सिंह एवं विभागीय अधिकारी एवं काफी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद थे ।

# दयालपुरा वृक्षारोपण के तहत दिया संदेश



**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

पाली। निकटवर्ती पाली ब्लाक के ग्राम पंचायत दयालपुरा महादेव बगीची परिसर सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर महंत श्री शांतिगिरी महाराज के सानिध्य में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत वृक्षारोपण कर पर्यावरण सरक्षण बचाव का संदेश दिया। वृक्षारोपण अभियान के तहत विभिन्न प्रकार के फलदार छायादार वृक्ष लगाए गए जिसमें तुलसी मोगड़ा रातरानी बादाम गुल्मोर आदि प्रकार के वृक्ष लगाकर प्रत्येक वृक्ष की जिम्मेदारी पूर्वक देखभाल करने की शपथ ली गई।

इस अवसर पर आजना पटेल समाज के समाज सेवी हरी भाई पटेल। सरपंच प्रतिनिधि भैरव सिंह राजपुरोहित पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष पायल पटेल। पूर्व पंचायत समिति सदस्य लीलावंती ।वार्ड पंच दीपा राम प्रजापत। जगदीश सिंह। केसर सिंह राजपुरोहित। गुंदोज भाजपा मंडल अध्यक्ष गणेश पटेल। चेनाराम देवासी। मोहनलाल ।जीवाराम भूरिया। रघुराम। पुखराज चौधरी। आदि सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## विश्व फोटोग्राफी दिवस के उपलक्ष में फोटोग्राफर एसोसिएशन द्वारा वृक्षारोपण कर बनाया दिवस



**अमित पाठक रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**

ललितपुर / विश्व फोटोग्राफी दिवस के उपलक्ष में फोटोग्राफर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश जनपद ललितपुर द्वारा चंद्रशेखर उद्यान कंपनी बाग में पर्यावरण विस्तार हेतु 11 वृक्षों का वृक्षारोपण एवं एवं फोटोग्राफी के व्यवसाय को आगे बढ़ाने के प्रदेश में माननीय उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा हो रहे क्कइंडिया मोबाइल ऐप के लोकार्पण के बारे में जानकारी दी एवं उनका प्रशिक्षण दिया इस अवसर पर सभी फोटोग्राफर भाइयों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर फोटोग्राफी दिवस की बधाई दी सभी फोटोग्राफर भाइयों की उपस्थिति निम्न प्रकार रही संरक्षण मंडल आचार्य जी श्री पुरुषोत्तम गंगवानी श्री सुंदर बाबू श्री अजय जैन जी श्री मनोज जी श्री सगीर खान जिला कार्यकारिणी प्रभारी हरनारायण विश्वकर्मा जिला अध्यक्ष श्री सील चंद्र शीलू जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर बंटी जिला कोषाध्यक्ष बृजेश साहू जिला महामंत्री अभिषेक शुक्ला जिला महामंत्री अक्षय जैन जिला मीडिया प्रभारी अमित पाठक एवं महेंद्र किशनलाल अजय कुमार बल्लू विश्वकर्मा राहुल कुशवाहा अनिल राकेश नामदेव शत्रुघ्न कुशवाहा शिवम साहू राहुल झा आदि सभी फोटोग्राफर उपस्थित रहे।

# जन अभियान परिषद कोरोना वालियंटर्स सम्मानित

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**

दैनिक पुष्पांजली टुडे

(नगरीय विकास राज्यमंत्री श्री भदौरिया, क्षेत्रीय सांसद, विधायक कलेक्टर एवं एसपी ने बांटे प्रमाण पत्र)



भिण्ड। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आह्वान पर मप्र जन अभियान परिषद के माध्यम से संचालित मैं कोरोना वालियंटर अभियान के वालियंटर्स और समाजसेवी प्रतिनिधियों को नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया, भिण्ड-दतिया सांसद श्रीमती संध्या राय, क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह कुशवाह, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस., पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक शिवप्रताप सिंह, परिषद गोहद के विकासखंड समन्वयक बृजेंद्र शर्मा, लहार के सुनील कुमार चतुर्वेदी, रौन से जयप्रकाश शर्मा सहित जिलेभर के वॉलिंटियर्स और समाजसेवी संगठनों के प्रतिनिधि, पत्रकार बंधु मौजूद थे।

जिला समन्वयक जन अभियान परिषद शिव प्रताप सिंह ने कहा कि कोरोना अवधि के समय मुख्यमंत्री जी द्वारा मैं कोरोना वालियंटर अभियान का आह्वान किया गया था इस अभियान के तहत संपूर्ण मध्य प्रदेश से ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे जिसमें भिण्ड जिले से 2500 से अधिक समाज सेवियों ने अपने ऑनलाइन आवेदन किए थे जिसमें 1800 से अधिक लोगों ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए अपना योगदान दिया इसके अलावा अंकुर अभियान में इन वालियंटर्स ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया साथ ही प्राकृतिक आपदा बाढ़ के रूप में जब आई तो यह समाज सेवी संगठनों के प्रतिनिधि और वॉलिंटियर्स मिलकर प्रभावित ग्रामों में लोगों के बीच जाकर राहत सामग्री का वितरण कर रहे हैं तीनों कार्यों को दृष्टिगत रखते हुए जिले से प्रतीकात्मक रूप से यह सम्मान प्रदान किया गया। आगामी दिनों में प्रत्येक सक्रिय वालियंटर को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। सम्मान समारोह का संचालन जन अभियान परिषद के जिला के शिव प्रताप सिंह भदौरिया और आभार प्रदर्शन विकास खंड समन्वय के लहार सुनील चतुर्वेदी ने किया।

## महाराजा मानसिंह तोमर जी की 520 वी जयंती

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट ने माल्यार्पण कर मनाई



**विवेक चौहान रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर महाराजा मानसिंह तोमर जी को माल्यार्पण करते हुए संगठन के जिला अध्यक्ष गोपाल सिंह तोमर जी ने बताया कि महाराजा मानसिंह तोमर जी अपने शासनकाल के

कुशल योध्दा,न्यायप्रिय शासक,स्थापत्य शैली, के जानकर थे ।

महाराजा मानसिंह तोमर जी के शासन काल को सर्वण युग कहा जाता है।।

ग्वालियर किला स्थित भव्य मान सिंह महल ,गुजरी महल हिंदू स्थापना शैली के अनुपम उदाहरण है ।।

तोमर वंश के कुलभूषण ग्वालियर के नरेश महाराजा मान सिंह तोमर जी की 520 वी जंयती पर कोटि-कोटि नमन

इस अवसर पर संगठन के सभी साथियों ने महाराजा मानसिंह तोमर जी बलिदान को याद किया और उनके बताएं रास्ते पर चलने का संकल्प लिया ।।

परम आदरणीय मान सिंह तोमर जी के जन्मोत्सव के आज के कार्यक्रम मे , विधि प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष आदरणीय रविंद्र सिंह तोमर जी , जिला मंत्री सज्जन सिंह राठौड़ जी प्रचार एवं प्रसार मंत्री अरविंद सिंह परमार जी, जिला संगठन मंत्री महेंद्र सिंह तोमर , धीरेंद्र सिंह तोमर जी, हरि मोहन सिंह तोमर जी, अजीत सिंह तोमर जी , सुरेन्द्र सिंह परमार, शैलेंद्र सिंह राठौड जी, राम तोमर ,अरविंद परमार जी,रोहित राजावत जी, सहदेव सिंह जादौन ,राजीव भदौरिया जी आदि उपस्थित रहे।



## कोरोना संकट काल में निःस्वार्थ सेवा देने पर समाज सेवी महेन्द्रसिंह राजपुरोहित सहित अन्य समाजसेवीयो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

**ब्यूरो पुष्पाजंली टुडे**

मैसूरु- मैसूर के राजा व कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री स्वार्गीय डी.देवराज अर्स की 107 वी.जयंती के उपलक्ष में कृष्णराजा युवा बलगा चामुंडीपुरम की ओर से कोरोना संकट काल में अपनत्व भाव लोगों की निस्वार्थ सेवा देने पर समाज भूषण व कोरोना योद्धा के रूप में बनूर महेन्द्र सिंह राजपुरोहित सहित अन्य समाजसेवीयो को समाज सुधारक पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया द्य इस अवसर पर आल्वा स्वामी, समाजसेवी रघुराम पाजपेयी, पृथ्वी सिंह चांदावत,जीवधारा रक्तकोष के निदेशक एस.ई. गिरीश, कृष्ण युवा बलगा के मानद अध्यक्ष डी.बसवराज, अध्यक्ष नवीन एम.सदस्य विक्रम अयंगार,पूर्व विधायक सोमशेखर, जयशंकर राज अर्स,महेश, शिवण्णा,जंनकसिंह राजपुरोहित सहित बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

### ये है असली मानवता और निर्भीकता का परचम

# पुलिस ने मोर्चा संभालकर रेस्क्यू करवाकर बृद्ध साधु को सुरक्षित बाहर निकाला






**सुरजीत सिंह क्राइम ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर / विगत दिनों दोपहर पुलिस कंट्रोल रूम गुना को सूचना मिली कि, थाना कैण्ट अँतर्गत ग्राम बेंहटाघाट के निकट से बहने वाली सिंध नदी के किनारे स्थित एक शिवमंदिर के 01 पुजारी अपने सेवक के साथ सिंध नदी के बाढ़ के पानी में फँस गये हैं ! टीम के द्वारा कल मौके पर पहुँचा गया, परंतु सिंध नदी का तीव्र बहाव के कारण रेस्क्यू संभव नहीं हो सका ! जिस कारण से टीम आज दिनांक 07/08/21 प्रातःकाल रेस्क्यू के लिये पुनः मौके पर गयी ! होमगार्ड जिला सेनानी आर0के0पथरोल व स्ष्ठश्चक्रन्न श्च्ट धर्मेन्द्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व में स्ष्ठश्चक्रन्न एवं होमगार्ड की संयुक्त रेस्क्यू टीम द्वारा रेसक्यू किया जा रहा था। उक्त दिनांक को इतने डीआईजी ग्वालियर जिला गुना में भ्रमण पर थे। साधुओं के नदी में फंसे होने की सूचना मिलने पर वह स्वयं अपनी टीम लेकर मौके पर पहुंच गए और टीम के अन्य सदस्यों के साथ खुद नदी में कूद पड़े और एसडीआरएफ/एनडीआरफ की रबरबोट के सहयोग से बृद्ध साधु को उनके सेवक के साथ सुरक्षित बाहर निकाला। उक्त कार्यवाही के दौरान सिंध नदी का बहाव बहुत तेज था। ग्वालियर संभाग के रेंज छ्ढ्ढत्र श्री राजेश हिंगणकर एवं उनकी टीम के निरीक्षक अवनीत शर्मा, थाना प्रभारी कैंट, सूबेदार अक्षुण्ण बोहरे, उप निरीक्षक राधेश्याम शर्मा एवं कमलेश गौड़, प्रधान आरक्षक सुनील अवस्थी, आरक्षक रज्जन, रामनिवास एवं चतुर सिंह द्वारा एसडीआरएफ एवं होमगार्ड की रेस्क्यू टीम के साथ मिलकर कुशलतापूर्वक रेस्क्यू किया।

**सूबेदार बोहरे ने दिखाई निर्भीकता-**

एसडीआरफ अपना काम कर ही रही थी, उतने में डीआईजी ग्वालियर के साथ सूबेदार बोहरे भी नदी में कूद पड़े और एसडीआरएफ को सहयोग प्रदान किया। नदी का बहाव तेज था और ग्रामीण नदी के पास जाने से कतरा रहे थे, परंतु डीआईजी ग्वालियर और सूबेदार बोहरे ने अपनी जान की परवाह किये बिना नदी में कूद कर होमगार्ड और एसडीआरएफ के सदस्यों का यथासंभव सहयोग किया

**बचाये गये व्यक्तियों का विवरण -**

(1) श्यामगिरी महाराज उम्र 90 वर्ष
(2) सेवक कल्याण सिंह उम्र 45 वर्ष

**एसडीआरएफ एवं होमगार्ड की रेस्क्यू टीम का विवरण :-**

जिला सेनानी होमगार्ड आर0के0पथरोल, प्लाटून कमांडर धर्मेंद्र सिंह भदोरिया एसडीईआरएफ गुना,

1.सै0 9466 रामबाबू मीणा
2.सै0 9467 संजीव रघुवंशी
3.सै0 9468 प्रभात शर्मा
4.सै0 9469 विनोद धाकड़
5.सै0 9470 राधेश्याम कुशवाह
6.सै0 9471 हेंमत यादव
7.सै0 9473 देवेन्द्र बड़ेरिया
8.सै0 111 राजेश यादव
9.सै0 18. गोविंद कुशवाह
10.सै0 203 नवतेज सिंह

*की सराहनीय भूमिका रही !*

## वन-टू-वन



### गांव पाय मैं दीवाल गिरने से वाल वाल बचे परिवार के लोग

संजय सिंह तोमर रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे

खेरागढ़ । गांव पाय मैं तलाव के ओवर फूल होने के कारण जल भराव हो गया है और ना ही ग्राम प्रधान दुबारा कोई इस पानी का निकास कराया गया ना ही गांव में नालियों का विकास भी नही कराया निकलने के लिए रास्ता भी नही इसी के चलते पानी ज्यादा भराव होने के कारण राजेंद्र पिता श्री देवीराम के मकान की दीवाल गिर पड़ी और एक बड़ा हादसा होने से बच गया दीवाल गिरने से बाहर लगी समर पंप भी क्षतिग्रस्त हो गई है अब परिवार के लोगों का यह हाल है की पीने के पानी को भी परेशानी उठानी पड़ रही है परंतु ग्राम प्रधान को इसकी कोई भी चिंता नही है और ना ही जो तालब के पानी से उत्पन्न सड़न और मच्छरों तथा इस से होने वाली विमारियो की भी चिंता नही है गांव के रास्तों मैं अभी भी जल भराव है इसका कोई भी निकास नहीं है।

### कक्षा 10वीं और 12वीं की विशेष परीक्षा 6 सितंबर से

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**

**(प्रवेश पत्र 1 सितंबर से एमपी ऑनलाइन पर रहेंगे उपलब्ध)**

भोपाल । माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी और हायर सेकेण्डरी व्यावसायिक के साथ ही दृष्टिहीन-मूक बधिर (दिव्यांग) पाठ्यक्रम की विशेष परीक्षा 2021 का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र एक सितंबर 2021 से एम.पी. ऑनलाईन के पोर्टल पर उपलब्ध होंगे। हाईस्कूल नियमित और स्वाध्यायी, दृष्टिहीन, मूक बधिर (दिव्यांग) परीक्षार्थियों की परीक्षा 6 सितंबर से 15 सितंबर 2021 तक और हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट, व्यवसायिक, दृष्टिहीन, मूक बधिर की परीक्षाएँ 6 सितंबर 2021 से 21 सितंबर 2021 तक सुबह 9 से 12 बजे के बीच आयोजित की जायेगी। इस प्रकार दोनों परीक्षाओं का संचालन एक साथ किया जायेगा। नियमित और स्वध्यायी छात्रों की प्रायोगिक परीक्षाएँ, उन्हें आवंटित परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा अवधि के दौरान ही आयोजित होंगी। प्रायोगिक परीक्षा की तिथि और समय के लिए परीक्षार्थी संबंधित केन्द्र के केन्द्राध्यक्ष से संपर्क कर सकते है। परीक्षा कार्यक्रम मंडल से सम्बद्ध सभी विद्यालयों के बाहर नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जायेगा। परीक्षा कार्यक्रम मंडल की वेबसाइट www.mpbse.nic.in पर भी उपलब्ध हैं।

### मावली- मारवाड़ मीटरगेज रेलगाड़ी चलेगी 23 अगस्त से

**पुष्पाजंली टुडे**

पाली -मारवाड़ जंक्शन 19 अगस्त विगत 25 मार्च 2020 को कोरोना संक्रमण को लेकर बंद हुई मारवाड़ मावली मीटरगेज रेल गाड़ी अब 523 दिनों के बाद दिनांक 23 अगस्त 2021 को मावली से प्रातः 7 बजकर 25 मिनट पर रवाना होकर दोपहर 1 बजकर 25 मिनट पर मारवाड़ जंक्शन रेलवे स्टेशन पहुंचेगी इसी प्रकार मारवाड़ जंक्शन से मावली की ओर जाने वाली रेलगाड़ी दिनांक 24 अगस्त को प्रातः 11बजकर 20 मिनट पर मारवाड़ जंक्शन से रवाना होकर शाम 5 बजकर 10 मिनट पर मावली जंक्शन पहुंचेगी। अजमेर मंडल के अधिकारी श्री अशोक चौहान ने श्री साई दर्शन सेवा संस्थान के अध्यक्ष देवेंद्रसिंह मीणा को यह जानकारी दी। देवेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि 23 अगस्त को रेलगाड़ी का भव्य स्वागत किया जाएगा व रेलगाड़ी व इंजन को सजाया जाएगा पायलट व गार्ड का भी स्वागत किया जाएगा।

# रावण से बढ़कर मोदी जी का अहंकार, भाजपा कर रही है किसानों का दमनः जीतू पटवारी



***भोपाल।*** *प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष, पूर्व मंत्री जीतू पटवारी ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अहंकार रावण से भी ज्यादा हो गया है। अहंकार के मद में चूर होकर वह किसानों पर हमला कर रहे हैं। एक तरफ किसान एक साल से अधिक समय से तीन काले कानूनों के खिलाफ धरने पर बैठे, तब सरकार ने किसानों को मरने के लिए विवश कर दिया है। नरेंद्र मोदी और शिवराज सिंह चैहान मिलकर मध्य प्रदेश के किसानों पर अत्याचार कर रहे हैं। मध्यप्रदेश में एक करोड़ से ज्यादा किसान हैं। इनमें से 65 प्रतिशत से अधिक किसान छोटे काश्तकार हैं। प्रदेश का किसान इस समय मूंग की खरीद के लिए परेशान हो रहा है और सोयाबीन का किसान भी बुरी तरह परेशान है।*

***परेशान हैं मूंग उत्पादक किसानः*** *श्री पटवारी ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार को अच्छी तरह से पता था कि इस बार प्रदेश में मूंग का उत्पादन ज्यादा हुआ है, लेकिन फिर भी केंद्र सरकार की ओर से मूंग खरीद का टारगेट बहुत कम रखा गया और जब थोड़े ही किसान अपनी मूंग बेच पाए थे, तो सरकारी पोर्टल पर खरीदी बंद कर दी गई। उसके बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात का नाटक किया और मूंग खरीद टारगेट बढ़ाने का आग्रह किया। यह आग्रह मानने में भी केंद्र सरकार ने काफी समय लगा दिया। प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में किसान भाजपा सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। मंदसौर में 52 गांव के किसानों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया है।*

***सोयाबीन किसान परेशानः*** *श्री पटवारी ने कहा कि जो हाल मूंग के किसानों का है, उससे बुरा हाल सोयाबीन उत्पादन करने वाले किसानों का है। मध्य प्रदेश के पास हमेशा से सोयाबीन राज्य का तमगा रहा है, लेकिन इस बार मध्य प्रदेश सरकार ने सोयाबीन के किसानों पर सीधा हमला बोल दिया है। सबसे पहले तो किसानों को हतोत्साहित करने के लिए सरकार ने बहुत कम बीज उपलब्ध कराए और किसानों को 9000 से 12000 रूपये क्विंटल के दाम में निजी क्षेत्र से सोयाबीन के बीज खरीदने पड़े। किसानों की समस्या यही तक नहीं रुकी उसके बाद सरकार ने कम उपज के बीजों को मान्यता दी। ताकि किसान जो बीज बोए वह उग ही ना सके। जब किसानों ने खराब बीज की समस्या उठाई तो सरकार के कृषि मंत्री कमल पटेल ने कहा कि किसानों को सोयाबीन बोना ही नहीं चाहिए।*

*श्री पटवारी ने कहा कि शिवराज सिंह चौहान सरकार और कृषि मंत्री कमल पटेल ने किसानों को खराब बीज देने का षड्यंत्र रचा और किसानों को आत्महत्या करने तक के लिए विवश किया। समस्या यहाँ भी रुक जाती तो मेहरबानी होती, लेकिन उसके बाद लंबे समय तक वर्षा ना होने के कारण किसानों ने जो बीज बोया था उसमे अंकुरण ही नहीं हुआ। इस तरह बहुत से किसानों को दोबारा बोवनी करनी पड़ी।*

*पिछले साल 70 परसेंट सोयाबीन खराब हो गया था, 10 हजार हेक्टेयर में सोयाबीन की फसल खराब हो गई थी, तब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा था कि वह एक एक अन्न के दाने का मुआवजा और बीमा क्लेम किसानों को दिलाएंगे, लेकिन आज तक वह लिस्ट जारी नहीं हुई जिससे पता चले कि सोयाबीन के किन किसानों को सरकार की ओर से कोई राहत मिली हो। इसी तरह के झूठे वादे शिवराज सरकार इस बार भी कर रही है। मध्य प्रदेश सरकार की इन किसान विरोधी नीतियों से मालवा और निमाड़ का किसान बहुत बुरी तरह से परेशान हैं ग्वालियर चंबल का किसान बाढ़ के कारण आई तबाही से बुरी तरह टूट गया है।*

# डेंगू और मलेरिया के खिलाफ तीन राज्य मिलकर चलाएंगे अभियान



### मप्र, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र मिलकर करेंगे बॉर्डर पर चौकसी

### मरीज के दूसरे राज्य में जाने पर भेजी जाएगी उसके जिले में जानकारी

**भोपाल।** कोरोना के बाद स्वास्थ्य विभाग को अब डेंगू और मलेरिया के संक्रमण का खौफ सताने लगा है। इन्हें रोकने के लिए मध्य प्रदेश के साथ छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र मिलकर सरहद पर चौकसी करेंगे। पहली बार डेंगू और मलेरिया को लेकर तीन राज्य साझा रणनीति बना रहे हैं। मध्य प्रदेश में डेंगू और मलेरिया का खतरा बढ़ता जा रहा है। बीते दो महीनों में डेंगू के मरीजों की संख्या 568 तो मलेरिया के मरीजों की संख्या 1200 के आसपास हो गई है। डेंगू से अब तक आठ मरीजों की मौत हो चुकी है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि डेंगू से तीन मरीजों की ही मौत हुई है।

**मरीज के गृह जिले को देंगे सूचनाः** जानकारी के मुताबिक तीनों राज्यों के सरहदी जिलों के जिला मलेरिया अधिकारी अब मिलकर काम करेंगे। विभाग का मानना है कि सरहद से सटे जिलों से लोग पड़ोसी राज्यों में काम के लिए जाते हैं। ऐसे में किसी को डेंगू या मलेरिया होता है तो उसकी जानकारी दोनों राज्यों को दी जाएगी। बैतूल या छिंदवाड़ा का रहने वाला व्यक्ति काम के लिए नागपुर या गोंदिया जाता है और वह डेंगू से संक्रमित होता है, तो वहां का जिला मलेरिया कार्यालय इसकी सूचना उसके निवास वाले जिलों को भी देगा। इससे मरीज के घर के आसपास भी लार्वा सर्वे किया जा सके।

**कांगो बुखार का अलर्टः** कांगो बुखार को लेकर प्रदेशभर में अलर्ट के बाद अस्पतालों में मरीजों की स्क्रीनिंग की जा रही है। अब तक इस बुखार का मरीज तो प्रदेश में सामने नहीं आया है, लेकिन लक्षणों से मिलते-मरीज अस्पताल में आ रहे हैं तो उनका डाटा रख रहे हैं।

# अभा महिला कांग्रेस का पेट्रोलियम मंत्री के निवास पर धरना-प्रदर्शन



### गैस सिलेण्डर के दाम में 25 रूपये का इजाफा, मोदी सरकार ने बहनों को दिया राखी पर तोहफा

### मप्र महिला कांग्रेस अध्यक्ष अर्चना जायसवाल धरना-प्रदर्शन में हुई शामिल

**भोपाल।** केंद्र की मोदी सरकार द्वारा आज फिर रसोई गैस सिलेण्डर के दामों में की गई 25 रूपये की बढ़ोत्तरी के विरोध में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की नवनियुक्त अध्यक्ष सुश्री नेट्टा डिसूजा के नेतृत्व में केंद्र सरकार के पेट्रोलियम मंत्री के निवास पर धरना प्रदर्शन हुआ। धरना-प्रदर्शन में मप्र महिला कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करने के लिए मप्र महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती डॉ. अर्चना जायसवाल भी शामिल हुई। डॉ. जायसवाल ने केंद्र की मोदी सरकार की महिलाओं की रसोई विरोधी नीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि केंद्र सरकार गरीब और मध्यमवर्गीय जनता की जेबों पर जबरन डांका डाल रही है। उन्होंने कहा जहां एक ओर गरीब और मध्यम वर्ग के लोग काम-धंधा नहीं मिलने से परेशान हैं वहीं मोदी सरकार रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल के दामों में बेशर्मी से लगातार बढ़ोत्तरी करती जा रही है। मोदी सरकार ने गैस सिलेण्डर के दामों में इजाफा कर महिलाओं को जो तोहफा दिया है उससे उनका रक्षाबंधन का त्यौहार फीका पड़ा है। महिलाएं केंद्र सरकार की इस तानाशाही को अब और बर्दाश्त नहीं करेंगी। अभा महिला कांग्रेस ने गैस सिलेडरों के बढ़े हुए दाम तत्काल वापिस किये जाने की पेट्रोलियम मंत्री से मांग की। धरना प्रदर्शन में अन्य प्रदेशों से आई महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण भी उपस्थित थीं।

# बालिग होने पर शादी करने का झांसा देकर नाबालिग के साथ किया दुष्कर्म

**भोपाल।** राजधानी के निशातपुरा थाना इलाके में एक युवक द्वारा नाबालिग को बालिग होने पर शादी करने का झांसा देकर दुष्कर्म किये जाने का मामला सामने आया है। बताया गया है कि तीन साल पहले आरोपी ने नाबालिग से शादी करने का वादा कर ज्यादती की थी। नाबालिग जब उसके झांसे में आ गई तो युवक उसका लगातार शारीरिक शोषण करने लगा। बीते दिनो जब 18 साल की उम्र पूरी होने पर युवती ने उसपर शादी करने के लिए दबाव डाला तो युवक ने उसके साथ शादी करने से साफ इंकार कर दिया। इसके बाद मामले की शिकायत पुलिस से की गई। पुलिस ने बलात्कार का प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। निशातपुरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 18 वर्षीय युवती निशातपुरा थाना इलाके मे रहती है। उसकी मां एक दुकान चलाती है। इस दुकान पर थान सिंह नाम का युवक भी सामान खरीदने के लिये अक्सर आता रहता था। आरोप है कि तीन साल पहले जब युवती की उम्र 15 साल थी, तब उसकी पहचान थान सिंह से हो गई थी। बाद मे मई 2018 मे थान सिंह नाबालिगे के घर पहुंचा तो उस समय वह घर में अकेली थी। इसका फायदा उठाकर थान सिंह ने उसके साथ जर्बदस्ती दुष्कर्म कर डाला। किशोरी ने जब परिवार ओर पुलिस को उसकी करतूत बताने की धमकी दी तो थान सिंह ने उसे अपने जाल मे फसांते हुए कहा कि वो उसे पंसद करता है , ओर जल्द ही उससे शादी कर लेगा। इसके बाद शादी का झांसा देते हुए आरोपी नाबालिग का शारीरिक शोषण करने लगा। किशोरी जब भी शादी करने की बात कहती तो थाना सिंह उसके 18 साल के होने पर शादी करने का कहकर उसे टाल देता था। बीते दिनों जब किशोरी बालिग हो गई तो उसने थान सिंह पर शादी के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया, जिसके बाद थान सिंह ने युवती से दुरी बनाना शुरू कर दी। जब युवती ने लगातार उसपर दबाव बनाया तो उसने शादी करने से मना कर दिया इसके बाद युवती ने सारी बात अपने परिवार वालो को बताई ओर थाने में जाकर शिकायत दर्ज करा दी।

## वन-टू-वन

### डॉ. दीपक हरि रानाडे को वाटर हीरोज पुरस्कार

**ग्वालियर।** राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक एवं अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. दीपक हरि रानाडे की प्रविष्टि को जलशक्ति मंत्रालय द्वारा वाटर हीरोज प्रतियोगिता में पुरस्कार के लिए चुना गया है। उन्हे मंत्रालय द्वारा 10 हजार रुपए के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। उन्हें रिसन तालाब पर अपनी वीडियो फिल्म के लिए उक्त पुरस्कार मिला है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डॉ. रानाडे ने बताया कि जल संसाधन, नदी विकास और गंगा कायाकल्प जलशक्ति मंत्रालय द्वारा 1 सितंबर 2020 से 31 अगस्त 2021 के बीच यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में अब तक 5912 प्रविष्टियां जल संसाधन मंत्रालय तक पहुंची हैं। इनमें मैंने अपनी प्रविष्टि रिसन तालाब के उददेश्य एवं उपयोगिता बताते हुए वीडियो फिल्म के माध्यम से भेजी थी। इस फिल्म में बताया गया था कि भूमि जलस्तर को बढ़ाने में रिसन तालाब बहुत मददगार हैं। ये तालाब में आए पानी को जमीन में सोखकर भूजल को रिचार्ज करता है साथ ही मिट्टी के कटाव के कारण निचले क्षेत्रों में होने वाले नुकसान से भी बचाता है। उल्लेखनीय है कि जल के मूल्य को सामान्य रुप से बढ़ावा देने और जल संरक्षण और जल संसाधनों के सतत विकास पर देशव्यापी प्रयासों को समर्थन देने के लिए केन्द्रीय जल संसाधन विकास द्वारा यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में चयनित प्रविष्टि पर प्रतिभागी को वाटर हीरोज पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

### दोस्त ने छात्रा से मकान मालिक के साले ने महिला से और पड़ोसी ने नवविवाहिता से किया दुष्कर्म

**ग्वालियर।** शहर में रहने वाली एक छात्रा से उसके दोस्त ने दुष्कर्म कर डाला ।वहीं गिरवाई थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला के साथ मकान मालिक के साले ने दुष्कर्म किया। इसके अलावा मोहना निवासी एक महिला के साथ उसके पड़ोस में रहने वाले युवक ने दुष्कर्म कर डाला ।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार थाटीपुर थाना क्षेत्र के राठौर संतर में रहने वाली 19 साल की एक छात्रा की भास्कर यादव निवासी मोहनपुर से दोस्ती थी। एक दिन भास्कर यादव उसे करतार होटल में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद शादी करने का झांसा देकर उसका शोषण करता रहा। छात्रा ने जब शादी करने को कहा तो युवक शादी करने से मुकर गया इसके बाद छात्रा थाने पहुंची और युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। वहीं गिरवाई थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने थाने आकर शिकायत दर्ज कराई की वह नरेश गुप्ता के मकान में किराए से रहती है ।कुछ दिन पहले नरेश गुप्ता का साला अजय अपने पिता का इलाज कराने आया था। उसी समय अजय ने किराएदार महिला के साथ दुष्कर्म किया। वही मोहना थाना क्षेत्र में रहने वाली 20 साल की एक महिला से उसके पड़ोस में रहने वाले दशरथ गुर्जर ने दुष्कर्म कर डाला। संबंधित थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दहेज नहीं लाने पर पति ने किया अप्राकृतिक कृत्य जेठ ने किया दुष्कर्म का प्रयास

**ग्वालियर।** देहात के आतरी थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला से उसके पति ने मायके से दहेज लाने को कहा मना करने पर पति ने उसके साथ अप्राकृतिक कृत्य किया वहीं जेठ दुष्कर्म का प्रयास किया ।पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है ।जानकारी के अनुसार आती थाना क्षेत्र में रहने वाली 21 साल की एक महिला ने थाने आकर शिकायत दर्ज कराई कि शादी के बाद से ही उसका पति उसे दहेज की मांग कर रहा था ।मना करने पर पति ने महिला के साथ अप्राकृतिक कृत्य किया। और उसके जेठ ने दुष्कर्म की कोशिश की ।पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# प्रधानमंत्री मोदी के गति शक्ति योजना से विकास का पहिया तेजी से दौडेगाः वीरेन्द्र खटीक

### केन्द्रीय मंत्री खटीक का जन आशीर्वाद यात्रा में हुआ भव्य स्वागत




**ग्वालियर।** केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेन्द्र खटीक ने कहा है कि केन्द्र सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गति शक्ति योजना के साथ विकास को और गति देगी। इससे सडकें, रेल, उद्योग को बढावा मिलेगा साथ ही इससे बेरोजगारों को भी अवसर मिलेंगे।

केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र खटीक आज यहां अपनी जन आशीर्वाद यात्रा के तहत पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वह 25 सालों से संसद के सदस्य हैं, लेकिन उन्होंने पहली बार संसद की ऐसी कार्रवाई देखी जिसमें विपक्ष ने मंत्रीमंडल में विस्तार के बाद बने मंत्रियों का परिचय तक नहीं होने दिया। इतना ही नहीं सदन में विपक्षी सांसदों ने सदन की मर्यादा को भी छिन्न भिन्न कर दिया। उन्होंने कहा कि वह स्वयं विपक्ष में थे और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के साथ वह भी विरोध करते थे। लेकिन कभी भी उन्होंने बेल में जाने पर भी आंखों के इशारे से ही वह वापस हो जाते थे , कभी भी उन्होंने इतना गंदा विरोध नहीं किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मंत्रीमंडल विस्तार में जहां 27 ओबीसी, 12 एससी तथा 8 एसटी के सांसदों को मौका दिया वहीं 11 महिलाओं को भी मंत्रीमंडल में शामिल किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने समाज के हर वर्ग का विस्तार में ध्यान रखा है। ओबीसी आरक्षण को उच्चतम न्यायालय द्वारा खारिज करने और उसके बाद रिव्यू पिटीशन लगाने पर भी उसे खारिज करने पर प्रधानमंत्री एक बिल लाकर राज्यों को ओबीसी की सूची बनाये जाने का प्रस्ताव पारित किया। इससे अब ओबीसी के लोगों को नौकरी और शिक्षा में आरक्षण का लाभ मिल सकेगा। अब राज्य स्वयं सूची को तैयार कर सकेंगे। केन्द्रीय मंत्री खटीक ने कहा कि विपक्ष नहीं चाहता कि मंत्रियों के बारे में समाज के लोग जान सकें। इसी के बाद अब हम जन आशीर्वाद यात्रा के माध्यम से जनता का आशीर्वाद ले रहे हैं। विपक्ष ने जनता के लिये लाये जाने वाले लोक कल्याण बिलों के लिये बाधायें पैदा की। लेकिन शासन सजग है और कोविड जैसी महामारी के बाद भी पूरे संक्रमण का मुकाबला किया और पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में सभी लोगों को सुविधायें पहुंचाने का काम किया साथ ही 80 करोड लोगों को राशन भी पहुंचाया। वैक्सीन के बारे में उन्होंने कहा कि पहले पोलियो की दवा के लिये सरकारों को ताकना पडा लेकिन अब हमारे वैज्ञानिकों ने वैक्सीन को तैयार किया लगभग 18 से 20 करोड लोगों को वैक्सीन की डोज लगाई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि अक्टूबर तक 25 करोड लोगों को वैक्सीन लग जायेगा। उन्होंने कहा कि वैक्सीन का यह प्रयास आत्म निर्भर भारत की तरफ बढते कदम हैं। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर रक्षा के क्षेत्र में भी हो रहे हैं तभी शस्त्र विमान पनडुब्बी तक बनाई जा रही है। नई शिक्षा नीति लाकर बदलाव की शुरूआत की है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री की योजनाओं से जहां सभी वर्ग के गरीब लोगों को लाभ मिल रहा है वहीं उज्जवला योजना से लोगों के जीवन में परिवर्तन आया है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि हाल ही में संपन्न हुये ओलंपिक खेलों में मेडल लेकर आये और मेडल में पिछड गये खिलाडियों से भेंट कर उन्होंने खिलाडियों का हौसला बढाया।

### डाक्टर से फिरौती माँगने वाले आरोपी को किया ट्रेस

**ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक अमित सांघी को आवेदक डॉ अमित थावरानी ने एक शिकायती आवेदन पत्र दिया कि उनके व्हाटसअप पर इंटरनेशनल नम्बर से मैसेज व कॉल करके पत्नि एवं बच्चो को खतरा बताते हुए ;दस लाख रुपयेद्ध की फिरौती की माँग की गई जिस पर आवेदक की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ने शिकायत पर से प्रकरण पंजीबद्ध करने व कार्यवाही करने हेतु अतिण् पुलिस अधीक्षक अपराध सतेन्द्र तोमर व उपुअ अपराध रत्नेश तोमर एवं उपुअ अपराध विजय भदौरिया को क्राइम ब्रांच की सायबर टीम से उक्त शिकायत पर तत्काल कार्यवाही करवाने हेतु निर्देशित किया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशो के परिपालन में थाना प्रभारी क्राइम ब्रांच ने सायबर क्राइम टीम द्वारा उक्त शिकायती आवेदन पत्र पर कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया।

## दहेज में 5 लाख के लिए बहू को प्रताड़ना, ससुर ने कमरे में घुसकर किया दुष्कर्म का प्रयास



**ग्वालियर।** माधौगंज क्षेत्र में पुलिस ने बहू की रिपोर्ट पर ससुर के खिलाफ छेड़छाड़ व दुष्कर्म के प्रयास का मामला दर्ज कराया गया है। महिला की रिपोर्ट पर दहेज प्रताड़ना का मामला भी दर्ज किया गया है। बहू का आरोप है कि वह सो रही थी तभी ससुर ने कमरे में पहुंचकर दुष्कर्म का प्रयास किया। जब उसने शोर मचाया तब देवर व सास भी वहां पर आ गई। बहू की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है। थाना प्रभारी वर्षा सिंह ने बताया कि माधौगंज थाना क्षेत्र के सिंधी कॉलोनी में रहने वाली महिला ने शिकायत की है कि उसकी शादी के बाद से ही पति, सास-ससुर व देवर उसे मायके से पांच लाख रुपए लाने के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। पूर्व में इसकी शिकायत महिला थाने में की थी, जहां पर काउंसलिंग हुई लेकिन पति नहीं पहुंचा। दो दिन पूर्व बहू अपने कमरे में सो रही थी तभी उसके ससुर कमरे में पहुंचे और दरवाजा बंद कर उसके कपड़े खींचने लगे। जब उसने विरोध किया तो जान से मारने की धमकी दी।

बहू ने शोर मचाया तो उसकी सास व देवर भी वहां पर आ गए, घटना के संबंध में सास व देवर को बताया तब उन्होंने कहा कि उसके साथ ऐसा ही होना चाहिए और वहां से चले गए। महिला ने शिकायत में बताया कि उसके ससुराल वाले उससे मायके से पांच लाख रुपए और उसके पिता के दो मकान में से एक मकान अपने नाम कराना चाहते हैं। महिला का पति दो वर्ष से गायब है और सास-सुसर का कहना है कि वह मायके से पांच लाख रुपए ले आए तो वह उसके पति को बुला लेंगे। महिला ने शिकायत में यह भी बताया कि शादी के बाद उसने जब बेटी को जन्म दिया, उसके बाद से ही ससुराल वाले उसे प्रताड़ित कर रहे हैं। वहीं गोला का मंदिर स्थित शिवालय अपार्टमेंट निवासी चित्रा ने बताया कि पति राजकुमार तोमर और अन्य ससुराली उसे दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे हैं और जान से मारने की धमकी भी दी है। पुलिस ने पति राजकुमार सहित सोमवती, काजल, पूजा, नारायण सिंह, राखी और आरती पर मामला दर्ज कर लिया है। बहला-फुसलाकर भगा ले गए दो नाबालिगः वहीं थाटीपुर थाना क्षेत्र के माहौर मोहल्ला दुल्लपुरा निवासी एक नाबालिग को अज्ञात युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। इसी तरह कंपू थाना क्षेत्र के अवाड़पुरा निवासी 16 वर्षीय नाबालिग को संदेही बेटू खान भगा ले गया।

### गार्वेज शुल्क की बसूली रोके जाने हेतु कैट ने नगर निगम आयुक्त को दिया ज्ञापन



**ग्वालियर।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ग्वालियर द्वारा गार्वेज शुल्क की बसूली रोके जाने हेतु नगर निगम आयुक्त आशीष तिवारी को ज्ञापन दिया और यह अनुरोध किया है कि जब तक गार्वेज शुल्क निर्धारण के लिये कोई समिति जिसका निर्णय पूर्व में हो चुका है, नहीं बन जाती है और समिति द्वारा दर निर्धारित नहीं की जाती है तब तक इस बसूली को रोका जाना आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर, अधिकारीगण एवं व्यापारियों की बैठक में यह निर्णय हुआ था कि गार्वेज शुल्क को लेकर एक कमेटी बनाई जायेगी और कमेटी में उसकी दरों का निर्धारण किया जायेगा उसके बाद ही गार्वेज शुल्क निर्धारित किया जायेगा।
















स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ **एम.पी.एच.आई.एन. /31130**
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान **E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478**